श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 206, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 26 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

हम पुराने दोस्तों की तरह एक-दूसरे को समझते हैं; 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करेंगे: पीएम

पीएम मोदी को ग्रीस का दूसरा सबसे बड़ा सम्मान

एथेंस: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिन के दौरे पर ग्रीस पर हैं। यहां दोनों देशों के बीच डेलिगेशन लेवल की बातचीत हुई। इसके बाद जॉइंट स्टेटमेंट में पीएम ने कहा- हम पुराने दोस्तों की तरह एक-दूसरे को समझते हैं। हम 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करेंगे। पीएम ने ग्रीस के जंगलों में लगी आग में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। वहीं राष्ट्रपति कैटरीना सकेलारोपोउलो ने पीएम मोदी को सेरिमोनियल वेलकम दिया। उन्हें ग्रीस के दूसरे सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया। मोदी ने कहा- मैं इस सम्मान के लिए राष्ट्रपति, ग्रीस की सरकार और लोगों को धन्यवाद देता हूं। यह ग्रीस के लोगों का भारत के प्रति आदर भाव दशार्ता है।

दोनों देशों का जॉइंट स्टेटमेंट: ग्रीस के प्रधानमंत्री ने कहा- मोदी मेरे दोस्त हैं। कहा जाता है कि 1+1 = 11 भी होते हैं। यहां हम दोनों देशों के बीच दोस्ती की मिसाल कायम करना चाहते हैं। एक देश अगर दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी है तो दूसरा दुनिया का पहला लोकतंत्र। चंद्रयान-3 मिशन की कामयाबी के लिए भारत को बधाई। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक रिश्ते हैं। आज वक्त की जरूरत के मुताबिक- हम डिफेंस, सिक्योरिटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट जैसे अहम सेक्टर्स में साथ काम कर सकते हैं। दोनों देशों के बीच एनएसए लेवल की बातचीत भी शुरू होगी। पीएम मोदी ने ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना सकेलारोपोउलो से मुलाकात की। पीएम मोदी को ग्रांड क्रॉस ऑफ ऑर्डर से भी सम्मानित किया।

'हम अपनी स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप को मजबूती देंगे'

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे बीच जियोपॉलिटिकल मुद्दों को लेकर तालमेल है। चाहे वो इंडो-पैसिफिक हो या भूमध्य सागर हो। 40 सालों के लंबे अंतराल के बाद भारत के किसी प्रधानमंत्री का ग्रीस आना हुआ है। इसके बावजूद हमारे संबंधों की गहराई कम नहीं हुई है। हम अपनी स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप को मजबूती देंगे। हमने रक्षा उद्योगों को बल देने पर सहमति जताई। आतंकवाद के मुद्दों पर चर्चा की गई। पीएम ने कहा कि हमने तय किया है कि हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच बातचीत के लिए प्लेटफॉर्म होना चाहिए। हम 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करेंगे। कृषि क्षेत्र में सहयोग के लिए एक एग्रीमेंट साइन किया गया है। पीपुल टु पीपुल संबंधों को बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। हमने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। चंद्रयान की सफलता सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की है। इससे सभी वैज्ञानिकों को मदद मिलेगी। मुझे ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर का सम्मान दिया गया।140 करोड़ भारतीयों की तरफ से मैंने ये सम्मान स्वीकार किया।

भारतीय समुदाय ने मोदी का स्वागत किया

एथेंस पहुंचे पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एयरपोर्ट के बाहर भारतीय मूल के लोगों ने उनका ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने 'टॉम्ब ऑफ अननोन सोल्जर' पर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। भारतीय समुदाय ने मोदी को ग्रीस का पारंपरिक मुकुट भी पहनाया, जिसे हेड्रेस कहा जाता है। इससे पहले पीएम मोदी शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे एक दिन के दौरे पर यूरोपीय देश ग्रीस की राजधानी एथेंस पहुंचे थे। यहां एयरपोर्ट पर विदेश मंत्री जॉर्ज जेरापेट्रिटिस ने उन्हें रिसीव किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक ग्रीस काफी समय से भारत की ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल को खरीदने में दिलचस्पी दिखाता रहा है। ऐसे में पीएम मोदी के दौरे पर ग्रीस को ब्रह्मोस मिसाइल मिलने पर डील हो सकती है।

1983 में इंदिरा गांधी ग्रीस गईं थीं: बता दें कि 40 साल बाद भारत का कोई प्रधानमंत्री ग्रीस के दौरे पर है। इंदिरा गांधी के बाद ग्रीस जाने वाले मोदी दूसरे प्रधानमंत्री हैं। इंदिरा ने 1983 में ग्रीस का दौरा किया था।

हिमाचल के मंडी में बादल फटा, 51 का रेस्क्यू

बारिश के चलते बद्दी में पुल दो हिस्सों में बंटा, एयरफोर्स हेलिकॉप्टर से खाना पहुंचा रही

शिमला: हिमाचल प्रदेश में बीते 48 घंटों में बारिश के चलते काफी नुकसान हुआ। मंडी में बादल फटने से 51 लोग फंस गए। एनडीआरएफ की टीम ने सभी को सुरक्षित बचा लिया।

दूर-दराज इलाकों में भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टर से खाने-पीने का सामान और जरूरी दवाएं पहुंचाई जा रही हैं। उधर बद्दी जिले में बारिश के चलते बालद नदी में उफान आ गया और पुल दो हिस्सों में टूट गया।

मौसम विभाग ने हिमाचल में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। सिक्किम और पश्चिम बंगाल में रेड और असम, बिहार और अरुणाचल प्रदेश में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

लालू बैडमिंटन खेल रहे, जमानत देना गलत था: सीबीआई

पटना: चारा घोटाले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की जमानत रद्द करने पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। लालू यादव के वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट में किडनी ट्रांसप्लांट का हवाला देते हुए कहा कि सीबीआई लालू को दोबारा जेल भेजना चाहती है। सीबीआई के वकील ने इसका विरोध करते हुए कहा लालू यादव बैडमिंटन खेल रहे हैं। उनको जमानत देने का फैसला भी गलत था। सुनवाई के दौरान मैं यह साबित करूंगा। अब इस मामले में 17 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

जादवपुर यूनिवर्सिटी में सेना जैसी वर्दी पहनकर घुसा ग्रुप

एफआईआर दर्ज; गवर्नर बोस का ममता सरकार पर तंज- रैगिंग रोकने की तकनीक इसरो देगा

कोलकाता: पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने जादवपुर यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट की मौत का ठीकरा राज्य सरकार पर फोड़ा है। राज्यपाल ने ममता सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा- कैंपस में रैगिंग को रोकने के लिए इसरो एडवांस टेक्नोलॉजी के जरिए हमारी मदद करेगा। उधर, सेना जैसी वर्दी पहने एक ग्रुप ने यूनिवर्सिटी में घुसकर एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिस अरविंद भवन के बाहर धरना दिया। हालांकि जेयू के कार्यवाहक कुलपति बुद्धदेव साव ने इन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

विधानसभा में भी हुआ था हंगामा: इससे पहले मंगलवार 22 अगस्त को भी पश्चिम बंगाल विधानसभा में उस समय हंगामा हुआ था जब राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने जादवपुर यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट की मौत के लिए राज्यपाल सीवी आनंद बोस को जिम्मेदार ठहराया था। मंत्री ने इस मामले को स्टेट यूनिवर्सिटीज के वाइस चांसलर्स की नियुक्ति को लेकर राजभवन और ममतर सरकार में चल रही खींचतान से भी जोड़ा।

खुद को मानव अधिकार संगठन का सदस्य बता रहे थे: पुलिस के मुताबिक जादवपुर पुलिस स्टेशन में एशियन ह्यूमन राइट्स सोसाइटी के काजी सादिक हुसैन के खिलाफ शिकायत की गई कि वे 25-30 लोगों के साथ सेना की वर्दी में बुधवार दोपहर कैंपस में दाखिल हुए।

अजित हमारे नेता, एनसीपी में टूट नहीं: शरद पवार



मुंबई: नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) चीफ शरद पवार ने शुक्रवार को बारामती में कहा है कि अजित पवार उनकी पार्टी के नेता हैं। एनसीपी में कोई टूट नहीं हुई है। उन्होंने कहा, 'कोई पार्टी तब टूटती है, जब पार्टी का एक बड़ा ग्रुप राष्ट्रीय स्तर पर अलग होता है। एनसीपी में ऐसा कुछ नहीं हुआ।' शरद पवार ने कहा, 'कुछ लोग पार्टी छोड़कर गए। कुछ नेताओं ने अलग राजनीतिक स्टैंड लिया। लोकतंत्र में उन्हें इसका अधिकार है। इसे फूट नहीं कह सकते। अजित हमारी पार्टी के नेता हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है।' यह बयान ऐसे वक्त में आया है जब विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने जा रही है।

एक दिन पहले, सुप्रिया सुले ने भी अजित को सीनियर लीडर कहा था: 24 अगस्त को शरद की बेटी और लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने कहा था कि अजित पवार ठउ-ढ के सीनियर लीडर और विधायक हैं। सुप्रिया ने कहा, 'अजित ने पार्टी के खिलाफ स्टैंड लिया है। हमने विधानसभा अध्यक्ष को शिकायत दी है और उनकी प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं।' शरद ने सतारा में कहा कि कहा- मैं यह नहीं कह रहा कि वह हमारे नेता हैं। सुप्रिया (सुले) का ऐसा कहना ठीक है। वह उनकी (अजित पवार की) छोटी बहन हैं। उन्होंने कहा, इसका राजनीतिक मतलब निकालने की जरूरत नहीं है। इस सवाल पर कि क्या वह सुप्रिया के विचारों का समर्थन करते हैं, पवार ने कहा, आप गलत हैं।

सुप्रीम कोर्ट का आदेश- सीबीआई के केस में स्पेशल जज नियुक्त करें, आरोपियों की ऑनलाइन पेशी होगी

मणिपुर हिंसा के मामलों का ट्रायल गुवाहाटी हाईकोर्ट में होगा: सुप्रीम कोर्ट

इंफाल: सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को मणिपुर हिंसा से जुड़े मामलों को पड़ोसी राज्य असम में ट्रांसफर करने का आदेश दिया। इसके लिए कोर्ट ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को निर्देश जारी किए हैं। बेंच ने कहा- मणिपुर हिंसा से जुड़े जिन मामलों की जांच सीबीआई कर रही है उनके ट्रायल के लिए एक या एक से ज्यादा स्पेशल जज को नियुक्त करें। कोर्ट ने यह भी कहा है कि सुरक्षा को देखते हुए आरोपियों की पेशी, रिमांड ऑनलाइन होगी। इसके अलावा 164 के तहत गवाहों और पीड़ितों के बयान भी लोकल मजिस्ट्रेट के सामने मणिपुर में दर्ज होंगे। साथ ही आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी मणिपुर में दी जाएगी।

कोर्ट ने मणिपुर सरकार को निर्देश दिया कि सीबीआई मामलों की सुनवाई को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रॉपर इंटरनेट सर्विस प्रदान करें। अगर पीड़ित, गवाह और आरोपी कोर्ट में ऑनलाइन मौजूद नहीं होना चाहते तो उन्हें कोर्ट में फिजिकल अपियरेंस की परमिशन है।

चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के सुझावों को मानते हुए यह आदेश जारी किए। हिंसा के 20 मामलों की जांच सीबीआई के 53 अफसर कर रहे हैं। इनमें 29 महिलाएं शामिल हैं। इन अफसरों को देशभर के सीबीआई ऑफिस से इकट्ठा किया गया है।

पीड़ितों के वकील ने किया था केस ट्रांसफर का विरोध: पीड़ितों के कॉलिन गोंसाल्वेस, चंदर उदय सिंह, इंदिरा जयसिंह और वृंदा ग्रोवर ने मामलों को असम ट्रांसफर करने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई।

बोधगया के महाबोधि मंदिर में फायरिंग

पुलिसकर्मी की मौत; एक घंटे प्रवेश बंद, सीसीटीवी में नहीं वारदात

गया: विश्वप्रसिद्ध महाबोधि मंदिर परिसर में शुक्रवार दोपहर गोलियों की आवाज से अफरातफरी मच गई। देसी और विदेशी सैलानियों से भरे रहने वाले बोधगया के महाबोधि मंदिर में हुई इस फायरिंग में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई है। धर्मस्थल को खाली कराते हुए प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। भारी तादाद में पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है। मंदिर परिसर से लेकर आसपास के तमाम इलाकों से सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

बैक टू बैक चल गई तीन गोली चली: जानकारी के अनुसार, बिहार स्वाभिमान बटालियन के जवान अमरजीत कुमार यादव (43) शुक्रवार दोपहर ड्यूटी पर जा रहे थे। जिस रोड से वह जा रहे थे, वहां पत्थर पर फिसलन थी। इसकी वजह से उनका पैर फिसल गया और उनके हाथ में मौजूद कार्बाइन का ट्रिगर दब गया। अचानक बैक टू बैक तीन गोली चल गई।

जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत नहीं आएंगे पुतिन

मॉस्को: अगले माह में दिल्ली में होने जा रहे जी-20 शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शामिल नहीं होंगे। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पुतिन भारत में सितंबर में होने वाले जी20 सम्मेलन के लिए यात्रा की योजना नहीं बना रहे हैं। अभी उनका मुख्य जोर एक विशेष सैन्य अभियान पर है। बता दें कि मॉस्को और कीव के बीच 24 फरवरी 2022 से भीषण युद्ध जारी है।

भारत ने सभी सदस्य देशों को भेजा था निमंत्रण: जी-20 शिखर सम्मेलन इस साल सितंबर में भारत में होने जा रहा है, जिसकी तैयारियां खूब जोरों से चल रही हैं। सम्मेलन को लेकर भारत ने सभी जी20 सदस्य देशों, आमंत्रित देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के नेताओं को निमंत्रण भेजा था। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हो पा रही थी कि पुतिन शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे या नहीं।

ब्रिक्स सम्मेलन में भी नहीं पहुंचे थे पुतिन:

पुतिन इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी नहीं पहुंचे। 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को उन्होंने वर्चुअली संबोधित किया। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने पुतिन को युद्ध अपराध, नरसंहार और यूक्रेन में बच्चों के जबरन स्थानांतरण का दोषी ठहराया है। माना जा रहा है कि इसीलिए पुतिन गिरफ्तारी से बचने के लिए ब्रिक्स के सम्मेलन में भौतिक रूप से नहीं पहुंचे।

जी-20 की मेजबानी कर रहा भारत: भारत इस समय जी-20 की मेजबानी कर रहा है। यह समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर सरकारी मंच है। ये सदस्य वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85 फीसदी, वैश्विक व्यापार का 75 फीसदी से अधिक और विश्व जनसंख्या का लगभग दो-तिहाई प्रतिनिधित्व करते हैं।

कुल्लू के आनी में तबाही देखने पहुंचे सीएम सुक्खू

प्रभावितों को दिया सहायता का भरोसा, 8 बिल्डिंग ध्वस्त; 26 भवन कराए जा चुके खाली

शिमला: हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दोपहर बाद कुल्लू जिला के आनी बस स्टैंड में हुई तबाही देखने पहुंचे। यहां पर उन्होंने प्रभावित परिवारों से बात की और हर उन्हें हर संभव सहायता देने का भरोसा दिया। आनी बस स्टैंड में पिछले कल आठ बिल्डिंग ताश के पत्तों की तरह ढह गई थी, जबकि तीन बिल्डिंग अभी भी हवा में लटकी हुई हैं, जो कभी भी जमींदोंज हो सकती हैं। इनके आसपास के मकान भी असुरक्षित हो गए हैं। इसे देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने आज तीन और भवन मालिकों को घर खाली कराने के नोटिस दे दिए है। अब तक आनी बस स्टैंड में 26 भवनों को नोटिस दिए जा चुके है और किसी भी अनहोनी से बचने के लिए भवन खाली करने को कह दिया गया है।

आंगनबाड़ी और मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत पोषाहार वितरण में बायोमैट्रिक प्रणाली जल्द होगी लागू

यूपी: कोई दूसरा नहीं ले सकेगा लाभार्थी के हिस्से का पोषाहार

लखनऊ: योगी सरकार ने प्रदेश की बाल विकास परियोजनाओं के तहत संचालित आंगनबाड़ी और मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत पोषाहार वितरण को और सुदृढ़ तथा पारदर्शी बनाने के लिए बायोमैट्रिक्स प्रणाली लागू किए का निर्णय लिया है। इसके तहत ई-पॉस मशीनों की स्थापना एवं संचालन के लिए उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। ई-पॉस मशीनों की स्थापना के लिए टेंडर के साथ ही ई-टेंडरिंग के माध्यम से रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) तैयार करने की जिम्मेदारी यूपीडेस्को की होगी।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में योगी कैबिनेट ने ई-पॉस मशीनों के माध्यम से अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत पोषाहार वितरण की व्यवस्था को मंजूरी दी है। इसके माध्यम से लाभार्थी के हिस्से का पोषाहार कोई दूसरा नहीं ले सकेगा। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा प्रदेश की बाल विकास परियोजनाओं के तहत संचालित आंगनबाड़ी व मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों (अति कुपोषित सहित), गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा 14 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं (केवल आकांक्षात्मक जनपदों में) को पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है।

एक से अधिक सिस्टम इंटीग्रेटर्स का भी हो सकता है चयन

ई-पॉस मशीन की बिड प्रक्रिया में मल्टीपल कंपोनेंटट सम्मिलित होने के कारण इसे उत्तर प्रदेश शासन के ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल के माध्यम से किए जाने के प्रबंध किए गए हैं। निदेशक, यूपीडेस्को की अध्यक्षता में क्रय समिति का गठन किया जाएगा। समिति में प्रशासकीय विभाग के सदस्य के रूप में संयुक्त निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार सदस्य के रूप में सम्मिलित होंगे। इसके अतिरिक्त आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा समिति में जरूरत के अनुसार अन्य विभागीय अधिकारियों एवं वित्त विभाग के प्रतिनिधि को सदस्य नामित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने पचदेवरा एवं धरवारा में हुए कार्यों की देखी हकीकत

अखंड भारत संदेश

करछना। प्रयागराज जिला अधिकारी प्रयागराज संजय कुमार ने शुक्रवार को विकास खंड करछना के पचदेवरा एवं धरवारा में हुए सरकारी विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया उस दौरान गांवों हंडकप मचा रहा ब्लाक के कर्मचारी पसीना - पसीना हों गये थे, जिला अधिकारी सबसे पहले ग्राम पंचायत पचदेवरा में नव निर्मित जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया, बताया जाता है कि पचदेवरा गांव में पेयजल योजना का पानी पूरे पंचायत के मजरे में नहीं पहुंच रहा था, जिसको लेकर प्रधान ने डीएम से शिकायत की थी उसी क्रम में डीएम ने स्थलीय निरीक्षण किया और जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत हर घर जल योजना का लाभ गरीबों को मिलें इसको लेकर जल जीवन मिशन योजना के कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि इस योजना का लाभ जल्द सभी ग्रामवासियों को मुहैया कराने का दिशा निर्देश दिए। डीएम ने 440 घरों में पानी सप्लाई के कनेक्शन के सापेक्ष 165 घरों मे ही कनेक्शन होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की एवं अवशेष घरों में जल्द से जल्द कनेक्शन के कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। पम्प हाउस में पम्प को चलवाकर उसकी क्रियाशीलता की जांच की। उन्होंने पम्प हाउस में विद्युत वायरिंग के तारों को व्यवस्थित ढंग से किए जाने एवं सर्दियों के समय में विद्युत आपूर्ति हेतु वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जनरेटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। जल निगम के अधिकारियों से बिछाई गई पाईप लाइन की कुछ स्थानों पर खुदायी कराकर गहराई की जांच कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने नवनिर्मित पानी टंकी के बाउंड्रीवाल के प्लास्टर में लगायी जा रही बालू की जांच की। जिलाधिकारी ने निर्माण की लागत, कनेक्शन पूर्ण होने की अवधि, लक्ष्य के सापेक्ष कनेक्शन की स्थिति, गांव में घरों की संख्या आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर पानी की सप्लाई में लीकेज की समस्या आ रही है, उन्हें जांच कराकर सही कराया जाये। उन्होंने सम्बंधित निर्माण एजेंसी के पीने के पानी की पाईप लाइन बिछाये जाने के बाद खराब हुई सड़कों की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के समय पानी के टंकी के बाउंड्रीवाल के किनारे बॉटलपॉम व सजावटी पेड़ लगाने तथा खाली स्थान पर इंटरलॉकिंग एवं सौन्दर्यीकरण करवाने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के समय उपस्थित पूर्व प्रधान श्री राम निरंजन व अन्य ग्रामीणों से पानी की टंकी के द्वारा सप्लाई किए जा रहे पानी एवं पूर्व में हैण्डपम्प आदि से मिलने वाले पानी की गुणवत्ता में अंतर के बारे में पूछा, जिसपर ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि सप्लाई से प्राप्त पानी की गुणवत्ता हैण्डपम्प से प्राप्त पानी की तुलना में अच्छी है। जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों से गांव में बोई जाने वाली फसलों, सिंचाई की व्यवस्था, खाद की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। पूर्व ग्राम प्रधान के द्वारा बताया गया कि ज्यादातर धान-गेंहू की खेती की जाती है, इस बार फसल अच्छी है, खाद उपलब्ध है, परंतु नहर की सिल्ट की सफाई न होने से नहर में पूरा पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे सिंचाई में पम्प का प्रयोग ज्यादा हो रहा है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्या, खण्ड विकास अधिकारी करछना, जल निगम के अधिकारियों के साथ ही अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। उसके बाद डीएम विकास खंड के धरवारा पंचायत में अमृत सरोवर, अमृत वाटिका, मियां वाकी, एवं उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक दो विद्यालयों खेक्सा में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का हाल चाल पूछा और विद्यालय में सभी शिक्षिकाओं से रूबरू होते हुए पठन पाठन पर जानकारी ली उन्होंने शिक्षिकाओं से नियमित विद्यालय में पहुंचने का दिशा निर्देश दिए, विद्यालय परिसर में सजावट व रंग बिरंगे फूल, वृक्षारोपण डीएम ने टहल कर जायजा लेने के पश्चात प्रधानाचार्य मैडम की सराहना की उससे पश्चात धरवारा में बने अमृत सरोवर का जायजा लिया और सरोवर में पानी भरवाने का निर्देश दिए, गांव में अमृत वाटिका में डीएम ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया, निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी धीरेश गुप्ता, एडीओ पंचायत रमाकांत पांडे, मनरेगा सेल प्रभारी मनीष शुक्ला, सचिव मनीष कुमार यादव, प्रधान प्रतिनिधि धरवारा बीरू सिंह सचिव दीपेश सिंह, अमित यादव, सहित ब्लॉक कर्मी उपस्थित रहे।

- ग्राम पंचायत-पचदेवरा में नवनिर्मित पानी की टंकी का किया निरीक्षण
- जल्द पानी के कनेक्शन के कार्य को पूर्ण कराने के दिए निर्देश
- बिछाई गई पाईप लाइन की कुछ स्थानों पर खुदायी कराकर गहराई की जांच कराने के दिए निर्देश
- निर्माण एजेंसी को खराब हुई सड़कों की मरम्मत कराये जाने के दिए निर्देश
- धरवारा विद्यालय में शिक्षिकाओं की सराहना की और अमृत वाटिका में निरीक्षण कर डीएम ने किया वृक्षारोपण

उच्च प्राथमिक विद्यालय खेक्सा धारवारा में उत्कृष्ट व्यवस्था हेतु प्रधानाध्यापिका को किया जायेगा पुरस्कृत

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय खेक्सा(धरवारा) विकास खण्ड करछना का निरीक्षण किया। विद्यालय में उत्कृष्ट व्यवस्था देखकर उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रूश्दा नाहीद की प्रशंसा करते हुए प्रधानाध्यापिका को उनके द्वारा सम्मानित कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने विद्यालय में बने हुए कम्प्यूटर कक्ष, लाईब्रेरी, बच्चों के द्वारा बनायी गयी उत्कृष्ट कलाकृतियां एवं हस्त निर्मित वस्तुओं को देखा और उनकी सराहना की। विद्यालय में करायी गयी पेंटिंग, साज-सज्जा, साफ-सफाई एवं लगाये गये सजावटी पौधों को देखते हुए कहा कि अन्य विद्यालयों को भी इसी प्रकार की व्यवस्था करने के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने राज्यपाल महोदया द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार से पुरस्कृत प्रधानाध्यापिका रूश्दा नाहीद, ग्राम प्रधान वीरू सिंह व अन्य शिक्षकों की प्रशंसा की। जिलाधिकारी ने कक्षा-7 के बच्चों से चन्द्रयान-3 के बारे में पूछा, जिसपर छात्र शिवाकांत पटेल के द्वारा मिशन चन्द्रयान-3 के बारे में सही ढंग से उत्तर दिया गया एवं अन्य छात्रों को भी मिशन चन्द्रयान-3 के बारे में जानकारी थी। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय धरवारा-प्रथम करछना का भी निरीक्षण किया। विद्यालय में कुल पंजीकृत बच्चों की संख्या 79 होने पर उन्होंने विद्यालय में छात्रों की संख्या बढ़ाने एवं विद्यालय की व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए है। उन्होंने स्कूल में कक्षा-4 व 5 के बच्चों से पढ़ाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय परिसर में ही प्रशिक्षण के लिए आयी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से उनके प्रशिक्षण व उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्या, खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

रेलवे में मजदूरी करने गये युवक का शव घर पहुंचने पर मचा हड़कंप

जारी। कौंधियारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा बड़गोहना खुर्द कौंधियारा, करछना निवासी ज्ञान सिंह पटेल पुत्र रामसिंह पटेल उम्र 26 वर्ष अपने सगे जीजा प्रमोद कुमार पटेल निवासी भस्मा अरई के साथ अपने परिवार के पालन पोषण हेतु मध्य प्रदेश जिला सीहोर थाना बुदनी क्षेत्र में सीमाइकन प्राइवेट लिमिटेड रेलवे कंपनी में रेलवे की तीसरी लाइन में मजदूरी करने के लिए तालपुरा में गया हुआ था। रोजाना की तरह सुबह पिकप गाड़ी नम्बर एम पी 41 ऋअ 2416 में बैठ कर साइड पर निकले हुए थे कि बीच रास्ते में अचानक गाड़ी की ब्रेक व स्टेरिंग फेल हो जाने पर गाड़ी चालक ने सभी को बताया कि आप सभी लोग गाड़ी से कूदने की बात कही यह सुन गाड़ी में बैठे मजदूर कूदने लगे लेकिन ज्ञान सिंह व एक अन्य नहीं कूद पाये जिससे गाड़ी खांई में जा पलटी और दोनों को गम्भीर चोटे आने से मौत हो गई। गाँव में शव पहुचा तो कोहराम मच गया। ज्ञान सिंह की शादी माई 2021में ग्राम सभा गिड्डिनीतारा घूरपुर सोनम देवी के साथ हुई थी इनकी एक वर्ष की पुत्री सृष्टि है।

अनियंत्रित डीसीएम ने टक्कर मारकर गांव का मुख्य द्वार तोड़ा

सिरसा। मेजा क्षेत्र के अंतर्गत बेदौली खानपुर मार्ग पर अनियंत्रित डीसीएम गाड़ी ने गांव के पास बने मुख्य द्वार को टक्कर मार दिया जिससे वह पुरे तरीके से जर्जर हो गया था जिसे हाइड्रा की मदद से गिरवाया गया। जर्जर हो जाने के चलते वह कभी भी धारासाई हो सकता था और दुर्घटना घटित हो सकती थी। बता दें खानपुर गांव के समीप बेदौली खानपुर गांव की ओर जाने वाली सड़क पर पूर्व प्रधान रहे दुनिया सिंह के द्वारा लगभग 18 साल पूर्व गांव की ओर जाने के लिए ईट पत्थर से भरत द्वार का निर्माण कराया गया था। शुक्रवार को बेदौली गांव में बन रही जल निगम की टंकी की पाइप लादकर कर जा रही अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दिया और वह पूरे तरीके से जर्जर होकर गिरने की कगार पर पहुंच गया जिसके चलते वह कभी भी धराशाई हो सकता था और दुर्घटना घटित हो सकती थी। जिसे हाइड्रा की मदद से जर्जर हो चुके गेट को गिरवाया गया तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने ट्रक चालक व ट्रक को पड़कर पुलिस को सौंप दिया है।

सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अखंड भारत संदेश

सहसों। विकास खण्ड सहसों के ग्राम पंचायत बभनकुइयां व जगबंधन पुर में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज गौरव कुमार ने औचक निरीक्षण किया। सीडीओ प्रयागराज ने अपने औचक निरीक्षण में कायाकल्प के तहत किए गए कार्यों में प्राथमिक विद्यालय के दिव्यांग शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र तथा बालक बालिका शौचालय का निरीक्षण करते हुए प्राथमिक विद्यालय में शिक्षण कार्य के दौरान बच्चों से पढ़ाई के विषय में भी पूछताछ किया। सीडीओ प्रयागराज ने निरीक्षण के दौरान जहां एक और खामियों को लेकर संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों व शिक्षक शिक्षिकाओं को कार्यों में लापरवाही के प्रति आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं पर पूर्व ग्राम प्रधान मंजू सिंह द्वारा कायाकल्प के तहत कराए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज ने कायाकल्प के तहत वर्तमान समय में चल रहे कार्यों में विद्यालय के हर कमरों के जगंला में जाली लगना, कमरों के दीवार पर 3 फीट टाइल्स लगना, शौचालय में रोशनदान लगना तथा भवन मरम्मत सहित आदि कार्यों को जल्द से जल्द मानक के अनुरूप पूरा करने का आदेश दिया। इस दौरान मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने सीडीओ प्रयागराज से खराब खस्ता हाल मार्गो की समस्याओं के विषय में भी जानकारी प्रदान करते हुए अवगत कराया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, खण्ड विकास अधिकारी देव कुमार यादव, एडीओ पंचायत नरेंद्र कुमार दूबे, जेई एम आई गिरिजा शंकर यादव, जेई आर ई एस सच्चिदानंद यादव, भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी अश्वनी कुमार, ग्राम प्रधान अशोक कुमार, एडीओ आईएसबी संजय सिंह, आसमा सिंह, शशि यादव, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू, प्रधानाध्यापक बिंदेश्वरी, सहायक अध्यापक अजीत सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इं. मी. स्कूल में आयोजित हुई राखी बनाओ प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर जनवार मेजा रोड स्थित सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि आगामी आने वाले पर्व राखी के त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती अंकित खेड़ा के नेतृत्व में शुक्रवार को आयोजित राखी बनाओ प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा तथा हुनर दिखाते हुए बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया इस दौरान प्रिसिपल अंकित खेड़ा ने प्रतिभाग करने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिता से ही बच्चों में प्रतिभा का निखार आता है। बच्चों में छिपी प्रतिभा को जागृत करने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करते रहना आवश्यक है। इसी क्रम में विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक खेड़ा ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं पढ़ाई के साथ साथ बच्चों को खेलकूद एवं विद्यालयों में आयोजित होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भागीदारी करना चाहिए क्योंकि प्रतियोगिता से ही उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। आगे उन्होंने रक्षाबंधन के पर्व के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए बच्चों को बताते हुए कहा कि रक्षा का मतलब सुरक्षा करना होता है। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं क्रमशः संगीता सिंह बबीता शर्मा सनी द्विवेदी रूबी पांडे जगदीश सिंह महिमा तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजत हुई। प्रतियोगिता में जीविका तिवारी अब्यक्त खेरा आंचल निषाद सूफिया खान पियूस सिंह अगस्त द्विवेदी ने अपने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शिक्षा चौपाल में खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को दिए निर्देश, मेधावी हुए पुरस्कृत

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। अभिभावकों को डीबीटी और निपुण भारत जैसी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से मऊआइमा थाना क्षेत्र के किरांव प्राइमरी स्कूल में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें खंड शिक्षा अधिकारी बहरिया धर्मेंद्र कुमार मौर्य मुख्य अतिथि रहे। मऊआइमा के किरांव प्राथमिक विद्यालय में आयोजित इस बैठक में उपस्थित अध्यापकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मौर्य ने शैक्षिक स्तर बेहतर करने, बच्चों को निपुण बनाए जाने, उपस्थिति बढ़ाने तथा मिशन कायाकल्प के अंतर्गत समस्त पैरामीटर को पूरा करने का निर्देश दिया?। चौपाल में प्राथमिक विद्यालय किरांव के मेधावी और निपुण बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी, प्रधानाध्यापिका रेखा सोनकर, प्रधान सुशील कुमार मौर्य ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर राम कैलाश पांडेय, मो. साजिद, ओमप्रकाश, हरेकृष्ण, प्रसिद्ध नारायण, ज्योति, प्रीति वर्मा, लाल बहादुर पटेल, अबू हमजा तथा रेशमा देवी आदि मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालय किरांव में ये बच्चे हुए पुरस्कृत

बालिकाओं में श्रेया गुप्ता, चांदनी, अंशिका साहू कक्षा 5, अंशिका, सृष्टि मौर्य कक्षा 4, बालकों में हिमांशु कक्षा 4, मोहम्मद इमरान कक्षा व मोहम्मद जैद कक्षा 5, प्रियांशु व लकी कक्षा 4 शामिल थे।

न्यूज झरोखा

पनासा गौवंश स्थल का पीडी प्रयागराज अशोक मौर्या ने किया निरीक्षण

करछना। प्रयागराज शुक्रवार को विकासखंड करछना के अंतर्गत गौवंश स्थल पनासा में पशुओं एवं उसके रखरखाव की जानकारी लेने के लिए पीडी प्रयागराज अशोक कुमार मौर्या ने औचक निरीक्षण कर गोवंश स्थल पहुंचकर पशुओं की देखभाल एवं रखरखाव की जानकारी से अवगत हुए बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों को रोकथाम करने के लिए डॉक्टर को टीकाकरण किए जाने के लिए दिशा निर्देश दिया उस दौरान उन्होंने पशुओं के चारा एवं रखरखाव आदि का भी अवलोकन करते हुए दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में आने वाली बीमारियों को बचाने के लिए सभी पशुओं को सीजनल टीकाकरण अवश्य लगाया जाय जिससे बीमारियों के रोकथाम में पशुओं को बचाया जा सके इस दौरान खंड विकास अधिकारी धीरेश गुप्ता , एडीओ पंचायत रमाकांत पांडे मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर मनीष कुमार शुक्ला, सचिव एवं सहायक सचिव, प्रधान नागेंद्र पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

डॉ गुलाम मुस्तफा सपा के जिला उपाध्यक्ष व शाहबाज हक जिला सचिव बने

करछना। समाजवादी पार्टी प्रयागराज के जिला अध्यक्ष यमुनापार पप्पू लाल निशाद के द्वारा प्रयागराज जिला कार्यालय पर मासिक बैठक के पश्चात संगठन विस्तार करते हुए यमुनापार क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुंगारी के डाक्टर गुलाम मुस्तफा सिद्दीकी उर्फ लाल मियां को जिला उपाध्यक्ष व मो. सलमान उर्फ शाहबाज हक को जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। जिला अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने कहा कि डॉक्टर गुलाम मुस्तफा सिद्दीकी उर्फ लाल मियां जी को जिला उपाध्यक्ष व मो० सलमान उर्फ शाहबाज हक को जिला सचिव बनाए जाने पर ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष डॉ गुलाम मुस्तफा उर्फ लाल मियां ने कहा कि पार्टी ने अगर हमें कुछ सोच समझ के जिला उपाध्यक्ष बनाया है तो मै पुरी ईमानदारी और निष्ठा से काम करूंगा व शाहबाज हक ने जिला सचिव की जिम्मेदारी मिलने पर जिला अध्यक्ष यमुनापार पप्पू लाल निशाद का आभार व्यक्त करते हुए अध्यक्ष महोदय को आश्वासन दिया की आपके द्वारा मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा वह ईमानदारी से निर्वाहन कर समाजवादी पार्टी मा० राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत कर पार्टी को आगे बढ़ने का काम करूंगा।

युवक को कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटने का वीडियो वायरल, आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

करछना। प्रयागराज करछना थाना क्षेत्र के पचदेवरा गांव में छोटे बच्चे में किसी बात को लेकर बात विवाद में एक मुस्लिम युवक ने नाबालिक आशीष गौतम को अपने निवास पर बुलाकर डंडे से जमकर पिटाई कर दिया उसे दौरान नाबालिक नौनिहाल अपनी जान बचाने के लिए पैर छूकर दुहाई मांगता रहा लेकिन उसकी जमकर टी की गई और हाथ जोड़कर वह रोता रहा जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया जिसको लेकर लड़के के पिता ने आरोपी के खिलाफ करछना थाने में लिखित शिकायत की पुलिस ने मामले? को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया मामला दो दिन पूर्व का बताया जा रहा है इस बात को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है नाबालिक की पिटाई का वीडियो देखकर ग्रामीणों में अच्छा खासा आक्रोश देखने को मिला वहीं पार पीट का वीडियो बना रहे युवक को पुलिस हिरासत के बाद छोड़ दिया गया है।

1 सितम्बर से होगा कोआपरेटिव बैंक का बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान

करछना। इलाहाबाद ड्रिस्ट्रिक कोआपरेटवि बैंक का सहकार से संवृद्धि बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान एक सितंबर से एक माह तक चलाया जाएगा।जानकारी देते हुए बैंक की करछना शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक संजय कुमार जैसवार एवं सोनल शुक्ला एडीओ कोआपरेटिव ने बताया कि उक्त महा अभियान के तहत लोगों को सदस्य भी बनाया जाएगा।इस योजना के सदस्यों को मत्स्य पालन,पशुपालन,नैनो यूरिया,खाद बीज,कीटनाशक यंत्र,मधुमक्खी पालन,कुकुट पालन,बागवानी,बकरी पालन,फल सब्जी उत्पादन आदि विकास कार्यो के लिए कम प्रतिशत दर पर धन उपलब्ध कराया जाएगा।उन्होने बताया कि जिला सहकारी बैंकों सुलभ ऋण की उपलब्धता,पैक्स एफपीओ के रूप में कृषि संबधी आर्थिक क्रिया कलापों और प्रत्येक ग्राम पंचायत में नये बी-पैक्स समेत योजना के तहत सहकारी समितियों का कंप्यूटराइजेशन किया जा रहा है।सदस्य बनने के लिए आनलाइ? आवेदन की वेवसाइड भी खुली है।जिससे आवेदक सदस्यता शुल्क और शेयर की धनराशि आनलाइन जमा कर सदस्य बन सकेगें।विशेष जानकारी के लिए क्षेत्रीय लोग करछना शाखा से संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

भगवान का नाम स्मरण करने मात्र से हर एक विषम परिस्थिति को पार किया जा सकता है

अखंड भारत संदेश

जंघई। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सावन मास में पंचमूर्ति सेवा समिति शनि धाम बरना में आयोजित साप्ताहिक शिव महापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम में कथा व्यास मनीष शरण महाराज श्री धाम अयोध्या ने महापुराण की पावन कथा की वर्णन करते हुए बताया किसी महापुराण कथा श्रवण करने से इस पवित्र पुरुषोत्तम मास में जो भी भक्त वृंद शिव महापुराण की पावन कथा को श्रवण करते हैं उनके जीवन के अनंत पाप नष्ट हो जाते हैं। कथा में भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह प्रसंग सुनाया इससे पूर्व भगवान शिव -माता पार्वती और शिव महापुराण की विधिवत पूजा- अर्चना करने के बाद कथा शुरू हुई। इस दौरान सजीव झांकियां भी सजाई गई। महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि वर्तमान दौर में ऐसा कोई मनुष्य नहीं है जो दुखी न हो लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता है कि हम भगवान का स्मरण करना ही छोड़ दें। जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। भगवान का नाम स्मरण करने मात्र से हर एक विषम परिस्थिति को पार किया जा सकता है इसलिए हम सभी को भगवान के नाम का स्मरण करना चाहिए।उन्होंने द्वादश ज्योतिलिंगों की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि जो भी भक्त वृंद द्वादश ज्योतिर्लिंग ओम का केवल नाम स्मरण करता है उसके भी अनंत जन्मों के पाप जलकर के नष्ट हो जाते हैं। महाआरती के पश्चात भंडारा का कार्यक्रम हुआ इस अवसर यजमान अनिल सिंह, सुनील सिंह, डीएम पंडित, जगदीश सिंह, लालजी सिंह, अजयपाल सिंह, जदुराज सिंह, राजमणि यादव, पंकज शुक्ला, शैलेश यादव ब्लॉक प्रमुख, रमेश सिंह, नागेन्द्र सिंह, सचिन सिंह, शिवम सिंह, विकास सिंह, अंकित सिंह, शक्ति सिंह, किशन सिंह, राजेंद्र बहादुर सिंह, हरिशंकर आदि लोग मौजूद रहे।

वर्तमान सरकार में दलितों पिछड़ों एवं महिलाओं पर अत्याचार बढ़े

अखंड भारत संदेश

करछना। समाजवादी पार्टी विधानसभा करछना जोन संख्या 5 की जन पंचायत केपी इंटरनेशनल स्कूल सहलोलवा अकोढा प्रयागराज में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमुना पार के जिला अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने जोन सेक्टर एवं बूथ प्रभारियो को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ने दलितो पिछड़ों अल्पसंख्यकों व महिलाओं पर जितना अत्याचार हुआ वह कभी भी किसी सरकार मे न हुआ। उन्होंने कहा कि आज संविधान में बाबासाहेब आंबेडकर एवं डॉक्टर लोहिया के सपनों को धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव ने संजोया था उसे नष्ट करने पर यह तानाशाह सरकार आमादा है। विशिष्ट अतिथि महासचिव जगदीश सिंह यादव ने आगाह किया कि यदि आप जागरूक नहीं हुए तो आपका मत का अधिकार भी छिन जाएगा। बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू पासी ने उपस्थित कार्यकताओं को याद दिलाया कि संविधान मैं आरक्षण की जो व्यवस्था थी इस सरकार ने छीनने का काम किया। अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव ने बताया कि यह सरकार न्यायपालिका पर भी विश्वास नहीं करती जो लोकतंत्र व संविधान विरोधी है। विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू ने मतदाता सूची में नाम अंकित कराने तथा फर्जी नामों को कटवाने का जोन सेक्टर एवं बूथ प्रभारियों से अनुरोध किया। कार्यक्रम के संयोजक राजेश विश्वकर्मा ने सम्मानित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ब्लाक प्रमुख कौंधियारा मोहम्मद हसनैन उर्फ चुन्ने खाँ तथा संचालन महासचिव प्रदीप निषाद ने किया। जन पंचायत को प्रमुख रूप से जिला कोषाध्यक्ष केशव प्रसाद विश्वकर्मा रोशन लाल प्रजापति डॉक्टर अफजल कन्हैया लाल पाल राम सेन यादव शिव मोहन पटेल सीताराम यादव रामकरण पटेल कविता कुशवाहा नेहा सिंह अंजली सिंह मोहम्मद कादिर निरेंद्र सिंह अखिलेश पटेल विमल यादव रामबाबू पाल आदि पार्टी कार्यकताओं ने संबोधित किया।

खबर संक्षेप

शास्त्री पुल से गंगा में कूदी युवती को जल पुलिस ने बचाया

झूंसी। शास्त्री पुल से शुक्रवार की दोपहर बाद उस समय अफरातफरी मच गई जब एक युवती गंगा में कूद गई। पुल से लोगो ने शोर मचाया तो घाट पर मौजूद जल पुलिस ने युवती को बचा लिया जिसे स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां वह खतरे के बाहर बताई जा रही है। पुलिस की माने तो पिता के डांटने पर वह घर से नाराज होकर आई और शास्त्री पुल से गंगा में छलांग लगा दी। पुल से युवती के कूदने की वजह से पुल पर लोगो की भीड़ लग गई और कुछ समय के लिए जाम लग गया। मौके पर मौजूद पुलिस ने आवागमन सुचारू कराया।

सड़क पार कर रही महिला को रोडवेज ने मारी टक्कर इलाज के दौरान मौत

आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रयागराज प्रतापगढ़ मार्ग पर शव रख कर चक्का जाम करने की कर रहे थे तैयारी

अखंड भारत संदेश

सोरांव। क्षेत्र के मलाक चौधरी गांव के पास गुरुवार शाम को एक महिला बाजार से सब्जी खरीदने के लिए जा रही थी जैसे ही वह प्रतापगढ़ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के पास पहुंची थी तभी गलत दिशा में आ रही रोडवेज ने टक्कर मार दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। गांव वालों की मदद से महिला को शांतिपुरम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान घायल महिला ने दम तोड़ दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम करने की तैयारी कर ही रहे थे कि सोरांव पुलिस ने समझा बुझाकर मामले को शांत करवाया। जानकारी के अनुसार अशोक कुमारी पत्नी राम मनोहर 41 साल गुरुवार शाम को घर से सब्जी खरीदने के लिए सड़क पर आ रही थी तभी गलत दिशा में प्रतापगढ़ से प्रयागराज आ रही एक रोडवेज ने टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। तथा सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल महिला को शांतिपुरम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं रोडवेज चालक मय वाहन मौके से भागने में फरार हो गया। जहां घायल महिला का इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। मृतक अशोक कुमारी के दो बच्चे व दो बच्चियों हैं। गांव वालों का कहना है कि मृतक अशोक कुमारी के पति राम मनोहर बीते 20 साल पहले घर से कहीं चले गए। फिर वापस नहीं आए ऐसी दशा में अब बच्चे अनाथ हो गए हैं। ग्रामीणों का मानना है कि गुरुवार को ही शीशा ढाबा के सामने एक कंटेनर तथा ट्रक आपस में टकरा गए थे जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बाधित हो रहा था। इस कारण प्रयागराज से प्रतापगढ़ मार्ग का एक रास्ता बाधित हो3ने के चलते सभी गाड़ियां वन वे हो गई थी। जिस कारण से एक्सीडेंट हुआ है यदि सोरांव पुलिस मौके से लड़े हुए दोनों ट्रकों को हटवा देती तो शायद महिला का एक्सीडेंट न होता। वहीं मृतक के घर वालों की तहरीर पर पुलिस मुकदमा लिखकर जांच पड़ताल में जुट गई है।

मेमो पैसेंजर ट्रेन में बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिलने से मचा हड़कंप

सिरसा। शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय से चलकर प्रयागराज की ओर जाने वाली मेमो पैसेंजर ट्रेन 03334 में एक अज्ञात लावारिस शव मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची आरपीएफ व जीआरपी की टीम शव की शिनाख्त करवाने में जुटी रही लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। बता दे कि शुक्रवार सुबह दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के मेजारोड रेलवे स्टेशन पर अप लाइन रेलवे पटरी पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय से चलकर प्रयागराज की ओर जाने वाली मेमो पैसेंजर ट्रेन में एक अज्ञात लावारिस बुजुर्ग का शव जिसकी उम्र लगभग 75 से 80 साल रही होगी। शव मिलने से हड़कंप मच गया। जिसके चलते ट्रेन को प्लेटफार्म नंबर 3 से एक नंबर पर शिफ्ट किया गया जिससे कई ट्रेनें घंटों बाधित रहीं। मामले की जानकारी पर आरपीएफ मांडा के प्रभारी भरत भूषण त्रिपाठी ने तत्काल सहायक उपनिरीक्षक मनोज त्रिपाठी को मौके पर भेजा। इस दौरान सूचना पर जीआरपी के सिपाही अजय तिवारी तथा आरपीएफ के कांस्टेबल विपिन कुमार मौके पर पहुंच शव की शिनाख्त करवाने में जुटे रहे। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी तब जाकर शव को ट्रेन से बाहर उतरवाया गया। एंबुलेंस को सूचना दी गई सूचना पर पहुंची एंबुलेंस शव को ना ले जाने के लिए घंटों जद्दोजहद करता रहा। अंततः एंबुलेंस शव को नहीं ले गया और आरपीएफ व जीआरपी को शव को सुपुर्द कर मौके से चला गया। घंटों बाद ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

शोषण से हुई कर्मचारी की मौत के विरोध में दो दिवसीय धरना प्रदर्शन की तैयारी

अखंड भारत संदेश

डीपीआरओ प्रयागराज के माध्यम से सौंपा ज्ञापन, आरोपित फरुखाबाद के बीडीओ, एडीओ पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित करने की मांग

सोरांव। प्रयागराज जिले के स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) कर्मचारी संघ व सोरांव ब्लॉक में तैनात आनन्द यादव (कंप्यूटर आपरेटर) एवं दीक्षित खंड प्रेरक ने प्रयागराज के डीपीआरओ चंद्रभान सिंह एवं एडीपीआरओ बृजेश सिंह को शोषण से हुई मृत्यु के बाद धरना प्रदर्शन करने के लिए ज्ञापन सौंपा। आनन्द यादव ने आरोप लगाया कि प्रदेश के जनपद फरुर्खाबाद के विकास खण्ड कमालगंज में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) योजानान्तर्गत ब्लॉक समन्वयक के पद पर तैनात प्रदीप कुमार सागर पर खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं) एवं ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा सांठ-गांठ कर फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराये जाने का आरोप लगाया गया है। लगाये गये आरोपों की सूचना प्रदीप कुमार द्वारा उच्चाधिकारियों को दे दी गयी थी। लेकिन प्रदीप कुमार पर खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं०) एवं ग्राम विकास अधिकारी द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर दस्तावेज तैयार कराने का आरोप लगाया था। इस उत्पीड़न से परेशान होकर प्रदीप कुमार द्वारा सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली। इन मामलों को लेकर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) कर्मचारी यूनियन उ0प्र0 ने पूरे प्रदेश में एक दिवस कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। जनपद प्रयागराज में भी स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) का समस्त स्टाफ 25 अगस्त दिन शुक्रवार को कार्य बहिष्कार किया है। इसी क्रम में प्रदेश के समस्त जिलों के कर्मचारी आगामी 28 अगस्त व 29 अगस्त 2023 को लोहिया भवन लखनऊ में दो दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसकी सूचना ज्ञापन के माध्यम से अपर मुख्य सचिव को डीपीआरओ के माध्यम से प्रेषित की गई है।प्रयागराज की स्वच्छ भारत की टीम ने उच्चाधिकारियों से अनुरोध किया है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं०) एवं ग्राम विकास अधिकारी के विरूद्ध निलम्बन की कार्यवाही की जाए।

हाईकोर्ट के 19 अधिकारियों की पदोन्नति, महानिबंधक ने जारी की अधिसूचना

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 19 अधिकारियों की पदोन्नति की है। इसमें न्यायपीठ सेवा संवर्ग के 14 और निजी सचिव सेवा संवर्ग के पांच अधिकारी शामिल हैं। इस संबंध में महानिबंधक राजीव भारती की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है।अधिसूचना के अनुसार संजय जांन, रमेश कुमार श्रीवास्तव को संयुक्त निबंधक सह न्यायपीठ सचिव श्रेणी चार के पद से निबंधक सह प्रधान न्यायपीठ सचिव के पद पर, विजय कुमार सिंह, संजय शर्मा, श्रीकर मिश्र, राजेश कुमार श्रीवास्तव, श्रीराम त्रिपाठी को उप निबंधक सह न्यायपीठ सचिव श्रेणी तीन के पद से संयुक्त निबंधक सह न्यायपीठ सचिव श्रेणी चार के पद पर, विनय कुमार सोनी, संत राज कुमार, बीनू सोनकर, उमेश कुमार, नंद लाल-द्वीतीय, विनीत श्रीवास्तव और सैयद आरिफ हुसैन को सहायक निबंधक सह न्यायपीठ सचिव श्रेणी दो के पद से उप निबंधक सह न्यायपीठ सचिव श्रेणी तीन के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है।एक अन्य अधिसूचनानुसार उच्च न्यायालय निजी सचिव सेवा संवर्ग की पूनम पटेल को उप निबंधक सह निजी सचिव श्रेणी तीन के पद से संयुक्त निबंधक सह निजी सचिव श्रेणी चार के पद पर, कुशल अग्रवाल, प्रदीप सिंह (लखनऊ) को सहायक निबंधक सह निजी सचिव श्रेणी दो के पद से उप निबंधक सह निजी सचिव श्रेणी तीन के पद पर तथा अरविंद कुमार श्रीवास्तव (लखनऊ) और ज्योत्सना सिंह को निजी सचिव श्रेणी एक के पद से सहायक निबंधक सह निजी सचिव श्रेणी दो के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है।उच्च न्यायालय कर्म अधिकारी संघ के महासचिव बृजेश कुमार शुक्ल और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों को बधाई दी है।

फाफामऊ घाट पर अब नहीं जला सकेंगे शव

प्रयागराज। फाफामऊ में गंगा तट पर अब शवों को नहीं जलाया जा सकेगा। यहां पर शवों को जलाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। गुरुवार को करीब एक दर्जन शव यहां लौटा दिए गए। इससे यहां के लोगों में नाराजगी है। लकड़ी बेचने वाले और अंत्येष्टि कराने वाले पंडा इसका विरोध भी किए लेकिन नगर निगम प्रशासन की ओर से इसके लिए सख्त मना कर दिया गया है। घाट की तरफ मुड़ते ही बड़े बड़े बोर्ड लगवा दिए गए हैं कि यहां अब अंत्येष्टि नहीं किया जा सकता है। नगर निगम की ओर से यहां गार्ड भी तैनात कर दिए हैं, जो शव लेकर इधर पहुंच रहा है उसे यहां से वापस कर दिया जा रहा है। नगर आयुक्त के निर्देशन में यहां लगाए गए बोर्ड में लिखा गया है कि गंगा नदी के किनारे व गंगा नंदी में शवदाह न करें। शवों की अंत्येष्टि सिर्फ रसूलाबाद घाट, शंकरघाट, विद्युत शवदाह गृह व दारागंज विद्युत शवदाह पर ही करें। यहां शवों की अंत्येष्टि में शामिल होने वाले करीब एक हजार परिवारों पर असर पड़ा है।

शवों की अंत्येष्टि कराने से ही चलता है परिवार...

कप्तान पंडा ने अपनी पीड़ा बयां करते हुए कहा कि फाफामऊ घाट पर अलग अलग दिन अलग अलग पंडा अंत्येष्टि कराते हैं। यहां से करीब एक हजार परिवारों का खर्च चलता है। आज यहां शव तो लाए जा रहे हैं लेकिन जलाने नहीं दिया जा रहा है। नगर निगम ने स्पष्ट बोर्ड लगवा दिया है अब। लकड़ी विक्रेता श्रीधर मिश्रा कहते हैं कि हम लोग यहां लकड़ी बेचकर परिवार का खर्च चलाते हैं। अब ऐसे में यहां शव को जलाने पर रोक लगा दी गई इससे हम लोगों परिवार चलाना मुश्किल हो जाएगा। नगर आयुक्त की ओर से जो बोर्ड लगाया गया है उसमें टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर भी लिखा गया है। जिसमें लिखा गया है कि किसी भी सहायता व जानकारी के लिए 8303701317 व 1920 पर कॉल कर सकते हैं।

ज्योति मौर्या की जेठानी की एफआईआर पर ससुराल वालों को मिली राहत

हाई कोर्ट ने उत्पीड़न की कार्रवाई पर लगाई रोक

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या की जेठानी शुभ्रा मौर्या की तरफ से घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न को लेकर दर्ज कराई गई रिपोर्ट पर पति विनोद कुमार मौर्या समेत ससुराल के छह लोगों को राहत दी है।कोर्ट ने उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगाते हुए मामले को मध्यस्थता केंद्र भेज दिया है।यह आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी और न्यायमूर्ति अजहर हुसैन इदरीशी की खंडपीठ ने बिंदु कुमार मौर्या की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।19 नवंबर 2009 को शुभ्रा मौर्या की विनोद कुमार मौर्या से शादी हुई थी।दोनों को दो बच्चे भी हैं। 2015 से शुभ्रा शिक्षिका हैं।ज्योति मौर्या और उनके पति आलोक मौर्या का मामला सामने आने के बाद जेठानी शुभ्रा मौर्या ने भी घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न में धूमनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।इसमें पति विनोद कुमार मौर्या,विनोद के पिता राम मुरारी, मां लीलावती, विनोद के बड़े भाई अशोक मौर्या,इनकी पत्नी प्रियंका मौर्या और आलोक मौर्या का नाम शामिल है।आलोक मौर्या पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या के पति हैं। दर्ज एफआईआर को शुभ्रा के ससुराल वालों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। अधिवक्ता हनुमान प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि कोर्ट ने बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगाते हुए मामले को मध्यस्थता केंद्र भेज दिया है।

सास और साले को जलाकर मारने वाले बरी निचली अदालत ने सुनाई थी मौत की सजा

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सास और साले को जलाकर मारने के आरोपी की मौत की सजा को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप को संदेश से परे साबित करने में नाकाम रहा। लिहाजा, याची को सजा से मुक्त किया जाता है और अगर वह किसी केस में वांक्षित नहीं है तो उसे जेल से रिहा किया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एसएएच रिजवी की खंडपीठ ने ललितपुर के जुगल की अपील पर सुनवाई करते हुए दिया है।कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत ने गवाहों की गवाही की सावधानीपूर्वक जांच नहीं की है और अभियोजन पक्ष के मामले को उसके आधार पर स्वीकार कर लिया है। मृत्यु पूर्व बयान को भी तथ्यों में सही ढंग से लागू नहीं किया। इससे आरोपी को संदेह से परे का लाभ मिलता है।तथ्य के अनुसार अपीलकर्ता पत्नी और बेटी के बारे में पूछताछ करने के लिए मृत व्यक्तियों के घर गया था। उन्होंने पत्नी और बेटी के बारे में जानकारी नहीं दी तो अपीलकर्ता गाली गलौज शुरू कर दी और पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। ट्रायल कोर्ट ने अपीलकर्ता को दोषी पाते हुए मौत की सजा सुनाई। अपीलकर्ता ने उसे हाईकोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने तथ्यों और परिस्थितियों के अनुसार अपीलकर्ता को बरी कर दिया।

हर दुकान दस्तक अभियान-स्वच्छता का महायज्ञ, महापौर ने झण्डी दिखाकर किया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। शुक्रवार को प्रयागराज नगर निगम मुख्यालय स्थित नई बिल्डिंग सभागार में हर दुकान दस्तक अभियान के तहत बैठक आहूत की गयी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज के महापौर उमेश चन्द्र गणेश चन्द्र केसरवानी उपस्थित हुए साथ ही प्रयागराज व्यापार मण्डल के अलग-अलग क्षेत्रों के अध्यक्ष एवं सदस्य, नगर निगम प्रयागराज के सभी पार्षद एवं स्वयं सेवी संगठन, विवेकानन्द मशीनरी एसोसिएशन, प्रयागराज के डिस्ट्रीब्यूटर एसोशिएसन के पदाधिकारीगण, नगर महिला व्यापार मण्डल आदि गणमान्य नागरिकों के अतिरिक्त नगर निगम प्रयागराज के समस्त अधिकारीगण उपस्थित हुए।नगर आयुक्त नगर निगम प्रयाराज द्वारा उपस्थित महापौर एवं विभिन्न व्यापार मण्डल के अध्यक्ष तथा सदस्यों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों को हर दुकान दस्तक अभियान में अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित किये जाने के लिये आवह्नन किया गया। इस स्वच्छता अभियान से जुडने हेतु आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी महाकुम्भ की तैयारी के लिए कई बैठकें कर चुकें है, जिसमें उन्होंनें इस बात पर जोर दिया कि यह महाकुम्भ स्वच्छता का महाकुम्भ होना चाहिये। आगामी 2025 में जो महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा है उसमें पूर्व की भाँति 150 देशों के लोग भारत आएगें। प्रयागराज के महाकुम्भ में करोड़ों लोगों का आगमन होता है। स्वच्छता के इस महाअभियान के तहत प्रयागराज के लोगों को उदाहरण साबित होना होगा कि जब अन्य देशों के लोग प्रयागराज आये तो उन्हे यह नही लगना चाहिये कि वे प्रयागराज आये हैं, बल्कि ये लगना चाहिये कि वे भारत में आयें है। उनका यह मकसद है कि स्वच्छता के पैमाने पर प्रयागराज केवल उ0प्र0 में नही अपितु पूरे भारत वर्ष में सर्वोच्च स्थान पर हो। इस पैमाने पर खरा उतरने के लिये नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी के सहयोग के अलांवा आप सभी का सहयोग आवश्यक है। नगर निगम प्रयागराज के साथ जनमानस, व्यापार मण्डल तथा सभी पथ विक्रेता इस अभियान में अपना-अपना योगदान देगें तभी हम अपने लक्ष्यों को पूरा कर सकेंगें। आप सभी के सहयोग से प्रयागराज क्षेत्र में जितने भी दुकानदार तथा व्यापार चलाने वाले लोग है वह अपने-अपने दुकानों के सामने दो डस्टबिन रखे इसके लिए आप लोगों को प्रोत्साहित करके नगर निगम का सहयोग कर सकते है। साथ ही दुकानदार तथा पथ विक्रेता से जो भी उनके यहॉ सामान लेने आयें उससे कहे कि प्लाटिक का बैग नही है आप अपने साथ कपडे का थैला आदि के बैग में सामान ले जाएं, कोई भी व्यक्ति सामान लेने के बाद कचरा आपके दुकान के सामने डालने का प्रयास करे तो उसको मना करें कि कचरा रोड पर न डालकर डस्टबिन में डालें। जिससे उसके मन में स्वच्छता की एक धरणा बनेगी, और यही सोच सबको अपने मन में जगानी है यह हम सब की छाप होनी चाहिये। रात में जब दुकानदार अपनी दुकान बन्द करें तो सड़क पर ही कूडा कचरा न डालकर उसे एकत्रित कर डस्टबिन में डाले या कूडे वाली नगर निगम की गाड़ी में ही डालें। जिसके लिए नगर निगम भी अपने स्तर से रात में भी डी0टी0डी0सी का कार्य आरम्भ कराते हुए सफाई व्यस्था सुनिश्चित करेगा। नगर निगम प्रयागराज 15 दिन का एक अभियान चला रहा है जिसमें 150 टीमों द्वारा कम-से-कम 50000 लोगों तक यह संदेश पहुँचाया जाये कि आप सभी लोग स्वच्छता की इस मुहिम में जुडकर प्रयागराज को प्रदेश में प्रथम पायदान पर पहुंचाने में नगर निगम का सहयोग करें। इसी के साथ ही महापौर द्वारा कहा गया कि हर दुकान दस्तक अभियान को सफल बनाये जाने के लिए उपस्थित सभी व्यायपार मण्डल के अध्यक्ष तथा सदस्यों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों हमारे पार्षदों को हर दुकान दस्तक अभियान से जुडने हेतु धन्यवाद देते हुए आग्रह किया कि स्वच्छता की इस महाअभियान में जनता को स्वच्छता की मिशान देना चाहिये ताकि आने वाले लोगों के मन में प्रयागराज की छवि स्वच्छ व हरा-भरा प्रयागराज के रूप में बनें, तथा प्रयागराज शहर के बुद्विजीवों के रूप में छवि उभर कर सामने आये यही नये भारत का दर्पण होगा। इस हेतु हमें स्वच्छता के प्रति संकल्पित होना होगा कि तभी प्रयागराज को देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में विकसित हो सकेगा। अन्य शहरो की भॉति प्रयागराज में भी सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए संसाधानों व लोगों की कमी नही है, जरूरत है तो मात्र हमें अपने अन्दर स्वच्छता के भाव को उत्पन्न करना, जिस दिन हमारा समाज, हमारा व्यापारीवर्ग, हमारे प्रयागराज का जनमानस स्वच्छता की अलख को जगायेगा उस दिन हमारा प्रयागराज प्रदेश में स्वच्छता के प्रति प्रथम पायदान पर आसीन होगा। महापौर ने पशुपालकों से यह भी अपेक्षा की आगामी महाकुम्भ तक सभी पशुपालाको को विस्ताथापित करने की योजना बनायी जा रही है जिसके तहत झलवा, अंदावा आदि क्षेत्रों में नगर निगम की भूमि पर कैटिल कालोनियों के रूप में विकसित की जा रही है। उन्होंने मीनाबाजार चौक क्षेत्र तथा जीरो रोड क्षेत्र में मल्टीस्टोरी बिल्डिंग, दुकाने तथा अन्डर ग्राउन्ड पार्किग आदि बनाये जाने के प्रस्ताव के बारे में बताया गया। इसके उपरान्त महापौर द्वारा इस अभियान के तहत रैली को झण्डा दिखा कर अभियान का शुभारम्भ किया गया।

न्यूज झरोखा

गडेवरा के ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं पर हुई चर्चा

मेजा। शासन के आदेश के तहत विकास खंड मेजा अंतर्गत ग्राम पंचायत गडेवरा में शुक्रवार को ग्राम पंचायत चौपाल लगाई गई।जिसमें ग्राम प्रधान अनिल शुक्ला, ग्राम सचिव अजीत सिंह, खंड विकास अधिकारी सुनीता सिंह, लेखपाल राजस्व अधिकारी और पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।चौपाल में गांव के सभी ग्राम पंचायत सदस्य और ग्राम के समग्र व्यक्ति माननीय इकट्ठे हुए। महिला समूह की सभी महिलाएं एकत्रित हुई। चौपाल का प्रारंभ किया गया। इस चौपाल में गांव के प्रमुख मुद्दे शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास पर चचाएं हुई। चचाओं में सभी सदस्य अपने-अपने वार्ड से अपनी अपनी समस्याएं वहां रखें और समस्याओं का समाधान करने के लिए ब्लॉक स्तर से ग्राम स्तर से जो भी चीज रही उनके निदान के लिए बातें हुई।चौपाल में गांव बने न्यारा यही संकल्प हमारा संकल्प लिया गया।प्रधान अनिल शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम में प्रशासन, राजस्व और गांव की महिला समूह को सम्मानित किया गया।चौपाल में सभी से अच्छी तरह से गांव में अपनी भूमिका अदा करने के लिए कहा गया।प्रधान ने बताया कि गडेवरा प्राइमरी स्कूल पूरे मेजा में इकलौता प्राइमरी स्कूल है जो पीएम श्री योजना के अंतर्गत चयनित हुआ है। जो केंद्र सरकार ने आदर्श प्राइमरी स्कूल के रूप में चयनित किया है।यह स्कूल आगे चलकर इंटर तक चलेगा। सचिव अजीत सिंह और लेखपाल बृजभान सिंह ग्राम प्रधान अनिल शुक्ला सभी पंचायत सदस्य एवं गांव के माननीय नेब्बू लाल शुक्ल, रविंद्र नाथ शुक्ला, चंद्रबली यादव, मुंदर हरिजन, रामराज हरिजन, राम सजीवन हरिजन, जानकी हरिजन, महेंद्र नाथ शुक्ला, विमल शुक्ला जो प्राइमरी पाठशाला शिक्षा समिति के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

मंडल स्तरीय बास्केट बाल प्रतियोगिता में मेजा अव्वल

मेजा। विकास खंड मेजा के बालक व्यायाम शिक्षक विवेकानंद पांडेय के नेतृत्व में मंडल स्तरीय बास्केट बाल प्रतियोगिता में अव्वल रहा।मेजा की टीम ने कौशांबी को हराकर मंडल स्तरीय बास्केट बाल प्रतियोगिता में जीत हासिल की।इस जीत से मेजा की टीम सहित प्रभारी अनिकेत जायसवाल और खेल अनुदेशक सचिन ने खुशी जाहिर की है।

दवा लेने आया व्यक्ति बाइक से उतरते ही गिरा अस्पताल में डॉक्टो ने किया मृत घोषित

मऊआइमा। दवा लेने आया एक व्यक्ति बाइक खडी करते ही अचानक गिर पडा ग्रामीणों द्वारा अस्पताल ले जाया गया।जहाँ उसे देख डॉक्टरों ने मृत्व घोषित कर दिया सूचना पर पहुचे परिजनों में कोहराम मच गया सभी का रो रो कर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर नया पूरवा गांव निवासी रमेश कुमार 45 वर्ष पुत्र रामसुख घर से बाइक ले कर कंचनपुर दवा लेने आए थे। बताते हैं कि जैसे वह अपनी बाइक खड़ी करके बाइक से उतरे जमीन पर गिर गए । देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने बताया कि हार्ट अटैक हो गया वही सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे गए 112 नंबर की मदद से सीएसी मऊआइमा लाया गया जहां डाक्टरों ने देख कर मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी मनोरमा, तथा पुत्र संदीप, शिवपूजन, रजनीश, पुत्री रिंकी का रो रो कर बुरा हाल है।

प्राईवेट भवनों एवं प्रतिष्ठानों पर लगे सर्विलांश कैमरे का जन सुरक्षा में प्रयोग

प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज द्वारा शासन से प्राप्त दिशा-निदेर्शों के क्रम में शहर के प्रतिष्ठित संस्थानों, होटलों, शोरूम के स्वामियों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों से अपील की गयी है कि वें जनसुरक्षा एवं उनके स्वयं की सुरक्षा हेतु एवं अपने प्रतिष्ठानों के अलग-बगल की सुरक्षा के दृष्टिगत अपने व्यवसायिक भवन पर सड़क की तरफ लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरे की डिटेल नगर निगम के राजस्व निरीक्षक के सम्पर्क करने पर फार्म में भर प्राप्त करा दें। इसके साथ ही अपना सहमति पत्र भी निर्धारित प्रपत्र पर भर कर निगमकर्मी को प्राप्त करादें। नगर निगम कर्मियों को आई0सी0सी0सी0 के मनीष जी द्वारा उपरोक्त विवरण प्राप्त करने हेतु प्रशिक्षण देते हेतु यह बताया गया कि यदि शहर के मुख्य मार्गो पर स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, स्कूलों, होटलों, शोरूम आदि के गेट एवं फ्रन्ट साइड में लगे कैमरों की डीटेल यथा कैमरों का मेकिंग मॉडल, लोकेशन, स्टैटिक आई0डी0 ऐड्रेस, यूजर नेम, पासवर्ड आदि मुख्य मार्ग पर स्थित सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान से प्राप्त करते हुए आई0सी0सी0सी0 को उपलब्ध कराया जाना है। जिससे शहर के सभी मार्गों चौराहों एवं बाजारों को आई0सी0सी0सी0 द्वारा सर्वोत्तम निरीक्षण एवं विशलेषण 24 घंटे निरन्तर किया जा सकेगा। जिससे ऐसे स्थलों पर कहीं भी कोई घटना होने पर उसका रिकार्ड आई0सी0सी0सी0 के सर्वर पर उपलब्ध रहेगा। जो शासन के कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु बहुत उपयोगी कदम सिद्व होगा। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी द्वारा बताया गया कि शासन से प्राप्त दिशा-निदेश एवं जनहित के दृष्टिगत यह कार्य अत्यन्त उपयोगी है।

क्राइम ब्रांच ने अतीक की हत्या करने वाले शूटरों के बैंक ट्रांजेक्शन का लिया ब्यौरा

प्रयागराज। अतीक-अशरफ की हत्या करने वाले तीनों शूटरों सनी, लवलेश व अरुण के घर पुलिस पहुंची और उनके बैंक ट्रांजेक्शन की जांच की। एसआईटी ने भले ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है, लेकिन जांच अभी जारी है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि इन तीनों के पीछे आखिर कौन है। पुलिस का कहना है कि वे लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब तक की विवेचना में किसी चौथे का हाथ सामने नहीं आया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों व उनके परिवार वालों के बैंक ट्रांजेक्शन की भी जांच की,लेकिन कोई बड़ा लेनदेन नहीं मिला।अतीक व अशरफ को लाइव कैमरों के सामने जिस तरह मारा गया था, उसके बाद आम जनमानस में सबसे बड़ा सवाल यही था कि हत्यारोपियों के पीछे कौन था। पुलिस ने मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है, लेकिन चौथे की तलाश में विवेचना अब भी जारी है। क्राइम ब्रांच की एक कुछ दिन पहले हत्यारोपी सनी उर्फ मोहित के हमीरपुर के कुरैरा स्थित पैतृक घर पहुंची। यहां पर सनी व उसके परिवार के सभी लोगों के बैंक दस्तावेज लिए गए। इसके बाद बैंक जाकर पिछले छह महीनों ट्रांजेक्शन की जांच की गई।

मछली पकड़ने गये युवक की तालाब में डूबने से मौत

सहसों। मछली पकड़ने गया चंदौहां गांव निवासी एक युवक की गांव के ही तालाब में अधिक पानी होने के कारण डूब कर मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरायइनायत थाना के सहसों पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत चंदौहा गांव निवासी भोला (40) पुत्र मोहन भारतीया शुक्रवार को दोपहर में करीब 1 बजे गांव में स्थित तालाब पर गया हुआ था। बताया जा रहा है कि संभवत वह मछली पकड़ने के लिए तालाब में घुसा हुआ था। तालाब में पानी अधिक होने के कारण युवक की डूब कर मौत हो गई। जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने उसे तालाब से बाहर निकाला। परंतु तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक युवक को एक बेटा और एक बेटी हैं। मृतक भोला की पत्नी की मौत करीब पांच माह पहले ही हो चुकी है। बच्चों सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

भारतीय सेना के रिटायर अफसर का हृदय गति रुकने से मुंबई मे निधन

परियावां, प्रतापगढ़। भारतीय नौ सेना के रिटायर अफसर एव मुंबई कालेज मे कार्यरत परियावां पाइकगंज बाजार से सटे गांव सबीसपुर निवासी संतोष कुमार अग्रहरि पुत्र स्व0 रामबली अग्रहरि के मुंबई आवास पर बुधवार की रात लगभग ढाई बजे अचानक हृदयगति रुक जाने से हॉस्पिटल मे मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही पैत्रक आवास परियावां सबीसपुर में सभी की आँखे नम हो गयी जिनका शव गुरुवार की दोपहर लगभग ढाई बजे हवाई जहाज से प्रयागराज एयर पोर्ट पहुंचा जहा से परिजन लोग अपने साधन से पैत्रक गांव परियावां ले आये जहा शाम लगभग साढ़े पांच बजे मुरस्सापुर सोनामऊ गंगातट किनारे अंतिम संस्कार किया गया जिसमे भारी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

घुइसरनाथ धाम में दर्शन-पूजन कर प्रमोद तिवारी ने विकास कार्यो की खंगाली हकीकत

शासन की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का संकल्प

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्य सभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर रामपुर खास पहुंचे। उन्होंने जनसमस्याओं की सुनवाई के साथ ही विभिन्न स्थलों पर क्षेत्रीय जनता से मुलाकात की।

लालगंज में विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि गरीब जनता की समस्याएं दूर करना ही जन प्रतिनिधि की प्राथमिकता होती है। उन्होनें कहा कि कार्यकताओं से समन्वय स्थापित कर क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को हल कराया जाएगा। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ रामपुर खास की जनता तक पहुंचाने के लिए कोई कसर नही बाकी रखी जाएगी। बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा समेत विभिन्न योजनाओं को लोगों तक पहुंचाकर क्षेत्र को विकसित बनाया जाएगा। सांसद प्रमोद तिवारी बाबा घुइसरनाथ धाम भी पहुंचे और दर्शन पूजन कर जन कल्याण की कामना की। उन्होनें बाबा धाम में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की हकीकत भी देखी और कार्यदायी संस्था को आवश्यक निर्देश दिये। इससे पहले प्रमोद तिवारी ने ननौती, राजापुर, मंगापुर, खानीपुर, सांगीपुर आदि स्थानों पर समर्थकों व जनता से मिलकर उनका कुशलछेम भी पूछा। इस मौके पर प्रमुख सांगीपुर अशोक सिंह बबलू, ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रधानाचार्य अमिताभ शुक्ल, गुडडू सिंह आदि मौजूद रहे।

लालगंज में जनसमस्याओं की सुनवाई करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

ब्लाक कालाकाकर के सभागार कक्ष मे सम्पन हुआ क्षेत्र पंचायत की बैठक

बाबागंज बिधायक व राजा भैया प्रतिनिधि रहे मौजूद

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर के सभागार कक्ष मे शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य की एक बैठक सम्पन्न हुई जिसमे बाबागंज विधायक बिनोद सरोज व राजा भैया प्रतिनिधि हरिओम शकर श्रीवास्तव व जिला पंचायत अध्यक्ष के पति कुलदीप पटेल ने सहभागिता किया।

बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख कालाकांकर रमेश सरोज व संचालन आई एस बी ब्यास कुमार मौर्य ने किया जिसमे खंड विकास अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत एस के शुक्ला मौजूद रहे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग व शिक्षा विभाग का कोई कर्मचारी या अधिकारी के न रहने पर बैठक मे निन्दा प्रस्ताव किया। बारिश को देखते हुए गावो मे गंदगी को साफ कराने के लिए 20-20 की टोली बनाकर साफ सफाई कराने के लिए निर्देश दिया गया। बैठक मे सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों से कार्ययोजना का प्रस्ताव देने के लिए कहा गया। बैठक मे ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर के ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने भाग लिया जिसमें गुड्डू ओझा शरद लाला, डा0 सतपाल वर्मा, संजय त्रिपाठी, तालुकदार सिंह, मनोज त्रिपाठी, प्रकाशचंद्र त्रिपाठी, जोखू यादव, पप्पू चुडिहार के साथ ग्राम पंचायत सचिव मौजूद रहे।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में अतिथि का स्वागत करते सदस्यगण।

बाल मेले में छात्रों ने दिखाए हुनर

बनायी चंद्रयान 3 की पेंटिग व लगाए स्टॉल

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। शुक्रवार को प्राथमिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने चंद्रयान 3 की पेंटिंग बनाकर व स्टॉल लगाकर अपने हुनर को दिखाया।नौनिहालों की कला को देखकर मौजूद लोगो ने सराहना की। स्थानीय विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय कटरा बलीपुर में बाल मेले का आयोजन किया गया।

बाल मेले का शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव ने किया। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होनें बाल मेला के आयोजन का उददेश्य समझाया। उन्होंने कहा कि बाल मेले के माध्यम से छात्र अपने मन की विचारधारा व बाल मैत्री शिक्षा के माहौल को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि बाल मेला नौनिहालों को बाल केन्द्रित शिक्षा के विकास में आगे ले जाती है। बाल मेले में स्कूल के छात्र छात्राओं ने कविता, कहानी, लेखन व चन्द्रयान 3 को लेकर पेटिंग बनायी। इसके साथ ही छात्रों ने खाने पीने के सामान का स्टॉल लगाया। जिस पर सहपाठियों के साथ ही शिक्षकों व अभिभावकों ने भी खाने पीने का लुफ्त उठाया। अतिथियों ने पेटिंग्स में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों का उत्साहवर्धन भी किया। कार्यक्रम का संयोजन प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष मिश्र ने किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सुनीता मौर्या, प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, डीपीओ रणविजय राय, दीप्ति, आनन्द त्रिपाठी, नरेन्द्र ओझा, स्मृति मिश्रा, शिव कुमार, संजय सिंह, संजय गुप्ता, राजपति आदि मौजूद रहे।

बाल मेले में मौजूद छात्रगण व शिक्षकगण।

खेत जा रहे अधेड़ की धुनाई, चार के खिलाफ तहरीर

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरब देउम निवासी जगदेव के पुत्र रामअंजोर मौर्य ने शुक्रवार को थाने मे तहरीर देकर कहा है कि बीती तेईस अगस्त को वह अपने खेत की रखवाली करने जा रहा था। रास्ते में गावं के रामजस की पत्नी प्रभावती, पुत्री पूजा, सेजल व अंजली ने धारदार हथियार व लाठी डंडो से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। सूचना पर उसे सांगीपुर सीएचसी ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सांगीपुर एसओ मनोज कुमार ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

रिवरेडल स्कूल में छात्र-छात्राओं को आग से बचाव की दी गई जानकारी

अग्निशमन की टीम ने कई स्कूलों में किया मॉक ड्रिल का रिहर्सल

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नया माल गोदाम रोड स्थित रिवरडेल पब्लिक स्कूल में अग्निशमन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, ली0फा0 मैन राधेश्याम दुबे, चालक जगन्नाथ आर्या, फायरमैन अमित सिंह, विजय बहादुर यादव, महेन्द्र कुमार, आनंद खरवार द्वारा विद्यालय की छात्र-छात्राओं को अग्नि सुरक्षा विषय पर राधेश्याम दुबे द्वारा व्याख्यान दिया गया।

इस दौरान फायर ड्रिल, मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अग्नि दुर्घटनाग्रस्त भवन के ऊपरी मंजिल में फंसे आहत व्यक्ति को लैडर के माध्यम से सकुशल बाहर निकालने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही एलपीजी सिलेण्डर में आग लगाकर उसे बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान विद्यालय के मैनेजर मो0 इमरान खान ने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए फायर टीम को बधाई दी। इस मौके पर सह प्रबंधिका सादिया खान, प्रधानाचार्या सुधा पाण्डेय, अनवर हुसैन खां, श्रीराम मिश्रा के अलावा स्टाफगण मौजूद रहे। उधर कटरा रोड स्थित मालती इंटर कालेज शिवजीपुरम व कटरा मेदनीगंज स्थित एम0ए0 गांधी शिक्षा निकेतन में भी अग्निशमन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय की देखरेख में बच्चों को आग से बचाव की जानकारी दी गई।

रिवरडेल स्कूल में आग से बचाव की जानकारी देते अग्निशमन अधिकारी।

दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

प्रतापगढ़। अपर सत्र न्यायाधीश/एफ टी सी सुनीता सिंह नागौर ने दुष्कर्म के आरोप में दोषी पाते हुए विकास वर्मा थाना सांगीपुर को 10 वर्ष के कठोर कारावास तथा एक लाख रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया अर्थदण्ड अदा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास। वादी मुकदमा के अनुसार घटना 24 सितंबर 2017 की सुबह 6:30 बजे उसकी लड़की जो मंदबुद्धि की थी शौच के लिए घर से खेत की तरफ गई थी तभी विकास वर्मा उसे सरपत में खींच कर ले गया और उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। न्यायालय ने उपरोक्त मामले में अन्य अभियुक्त मनोज व रंगीला देवी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषी पाते हुए परिवीक्षा पर छोड़ दिया। राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी अनिल मिश्रा ने की।

सरायदली में हुआ आकाशवाणी गाँव कार्यक्रम का आयोजन

आकाशवाणी केन्द्र प्रयागराज के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। आकाशवाणी केन्द्र प्रयागराज के तत्वावधान में आकाशवाणी गाँव में कार्यक्रम का आयोजन सरायदली गाँव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकेश कुमार शुक्ल निदेशक आकाशवाणी प्रयागराज ने कहा कि भारत गाँवों का देश है।आज भी गाँव बेहद प्रतिभा सम्पन्न है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि आकाशवाणी की पहल से गाँव की प्रतिभाओं को नया फलक मिलेगा। कार्यक्रम में डॉ० दयाराम मौर्य रत्न,कमला देवी,हरिनाथ गौण, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, श्रीनाथ मौर्य सरस, रीतिका मौर्य रीतू, अमरनाथ गुप्ता बेजोड़, अनिल कुमार निलय के लोकगीत, पारंपरिक गीत, अवधी भाषा कबिता, सोलह संस्कार गीत आदि की प्रस्तुतिओं की रिकार्डिंग की गई।जिसका प्रसारण 26 अगस्त को आकाशवाणी प्रयागराज से किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में बाल कवियों की रचनाओं की प्रस्तुतिओं की रिकार्डिंग की गई।बाल रचनाकारों में अनन्या, साक्षी, देवांश, लक्ष्मी, श्रृष्टि, आदर्श, चंदन, श्रवण, आयुष, श्लोक आदि ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डा० चन्द्रेश बहादुर सिंह, राजेश कुमार, वीरेन्द्र कुमार, प्रेमदास मौर्य, बद्री प्रसाद हर्षित कुमार, विनय श्रीवास्तव, दीपक कुमार आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

आकाशवाणी गांव कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारीगण।

राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में हुई स्पाइन की पहली सर्जरी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में स्पाइन की पहली सर्जरी हुई यह सर्जरी मेडिकल कालेज के हड्डी के सर्जन डा0 सचिन और उनकी टीम ने किया। डा0 सचिन ने स्पाइन की जटिल सर्जरी करके मेडिकल कालेज में आपरेशन की नई पारी की शुरूआत की। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के बराछा चिलबिला निवासी शिवपाल पाण्डेय की पत्नी सुलोचना (35) रीढ़ की हड्डी के दर्द से परेशान थी। जब डाक्टर सचिन को दिखाया तो जांच रिपोर्ट में पता चला कि हड्डी की नस दबी हुई है, जो सर्जरी से ठीक होगी।

गुरुवार को सुलोचना की राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में स्पाइन की सर्जरी हुई। डा0 सचिन ने बताया कि सुलोचना की रीढ़ की हड्डी टूट चुकी थी। सर्जरी के जरिये राड और स्क्रू की मदद से उसे जोड़ा गया। उसके बाद दबी हुई नस खोली गई। सर्जरी करने वाले डाक्टरों की टीम में डा0 सचिन के अलावा गौरव सीनियर रेजिडेंट, डा0 राकेश चौरसिया, डा0 वामिक एनस्थिसिया, नर्स बभना व रुचि शामिल रहीं। इस बारे में मेडिकल कालेज के प्राचार्य सलिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में अब रीढ़ की हड्डी की बीमारी से जूझ रहे मरीजों का भी बेहतर इलाज होगा। स्पाइन की सर्जरी हुई है।

उमरवैश्य समाज के 15वें सामूहिक विवाह के लिए 32 युवक व 16 युवतियों ने किया आवेदन

सामूहिक विवाह युवक-युवतियो का परिचय सम्मेलन 25 सितंबर को

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला उमरवैश्य समाज सभा द्वारा आयोजित 15वें सामूहिक विवाह की बैठक चिलबिला उमरवैश्य धर्मशाला में गुलाबचंद उमरवैश्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 15वें सामूहिक विवाह के लिए आए हुए युवक युवतियों के फार्म भरवाये गए।

समाज सभा के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि समाज सभा द्वारा आयोजित 15वां सामूहिक विवाह 24 नवंबर को चिलबिला उमरवैश्य धर्मशाला व मौर्य रिसार्ट से संपन्न होगा। उसी के क्रम में आज 32 युवक व 16 युवतियों ने फॉर्म भर आवेदन किया। पहला युवक-युवती परिचय सम्मेलन 25 सितंबर को उमरवैश्य धर्मशाला में संपन्न होगा। अध्यक्ष गुलाबचंद उमरवैश्य ने कहा कि सभी पदाधिकारीयो को जो दायित्व दिया गया है सभी इस महायज्ञ को सफल बनाने में अपना योगदान दें। संयोजक जवाहरलाल बच्चा ने अभी तक की तैयारी को समाज सभा के सामने प्रस्तुत किया। बैठक में मुख्य रूप से विचार रखने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष राम जी उमरवैश्य, कैलाश नाथ, महामंत्री शोभनाथ, श्री राम, जवाहरलाल, विजय कुमार, मदनलाल, गुलाबचंद, अजय कुमार, उमाशंकर, विश्वनाथ, हनुमान प्रसाद आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जलभराव की समस्या को लेकर अधिवक्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

डीएम कार्यालय में ज्ञापन देते अधिवक्तागण।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। कलेक्ट्रेट के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जल भराव एवं वाटर कूलर को बनवाने के लिए जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव को प्रार्थना पत्र दिया गया। प्रार्थना पत्र देते समय निर्वतमान पदाधिकारीगण शिव प्रकाश मिश्रा, अजीत कुमार ओझा, हरीश शुक्ला, जीतेन्द्र पुष्पाकर सैनी, वागीश मिश्र, आसिफ मुराद सिद्दीकी व भूपेन्द्र सिंह घर्मराज उर्फ बाली, वीर विक्रम सिंह, दुर्गेश उपाध्याय, अवनीश पाण्डेय, अकिंत पाठक रामानुज, आलोक मिश्रा, अंकित दूबे आदि उपस्थित रहे।

सपाई आज निकालेंगे साइकिल यात्रा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन से लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव के नेतृत्व में 26 अगस्त शनिवार को साइकिल यात्रा निकालेगी। यह साइकिल यात्रा भारत देश के करोड़ों गरीब, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, मुस्लिम, छात्र, किसान, नौजवान और कामगारों के नेता अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी की नीतियों विचारों एवं कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर भाजपा द्वारा शोषित प्रताड़ित और भयाक्रांत (पी०डी०ए०) पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक मुस्लिम के दर्द को बांटते हुए सत्ता के विकल्प के रूप में समाजवादी विचारधारा, समाजवादी सरकार की नीतियों को नौजवान, जनता के सामने रखते हुए जातिगत जनगणना की मांग एवं आरक्षण में हो रहे छेड़छाड़ किसानों के शोषण के मुद्दे को प्रमुखता से रखते हुए 9 अगस्त 2023 को क्रांति दिवस के क्रांतिकारी अवसर पर समाजवादी नौजवानों का क्रांतिकारी जत्था समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव जी के नेतृत्व में इलाहाबाद से साइकिल यात्रा लेकर निकला है।

साइकिल यात्रा उपरोक्त जनपदों के समाजवादी पार्टी कार्यालय एवं सभी विधानसभाओं तहसीलों में पहुंच रही है। जिसमें समाजवादी पार्टी का प्रशिक्षण पर्चा वितरण, संगोष्ठी, नुक्कड़ सभा, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता के बारे में लोगों को बताया जा रहा है। यह जानकारी समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनीष पाल ने दी।

सेतु निगम की लापरवाही से जिले के नौ पुल अधूरे, जांच टीम ने लगाई फटकार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सेतु निगम की ढिलाई व लापरवाही के चलते जिले के नौ पुलों का निर्माण जहां अधर में लटका है, वहीं शासन से धन स्वीकृत होने के बाद भी शहर के नया माल गोदाम रोड की रेल क्रासिंग पर बनने वाले ओवरब्रिज की तो शुरूआत भी नहीं हो पाई है। इसकी शिकायत सांसद संगम लाल गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की, तो मुख्यमंत्री के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों की टीम ने इन अधूरे कार्यों का निरीक्षण करने के बाद सेतु निगम के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है। बताया जाता है कि विगत पांच वर्षों से लिलौली घाट, बारघाट, खुजरी घाट, बहुंचरा, तेजगढ़, तुला का पुरवा एवं करौंदी घाट समेत नौ पुलों का निर्माण अधूरा अधर में लटका है। इसे देख लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता प्रयागराज विजय कनौजिया एवं अधीक्षण अभियंता फतेहपुर और अधीक्षण अभियंता सुल्तानपुर की टीम ने इस अधूरे पुलों की हकीकत जानी तो सेतु निगम की लापरवाही सामने आई। जिस पर कड़ा रुख अपनाने हुए जांच टीम ने उन्हें समयबद्ध कार्य करने की कड़ी चेतावनी दी है। जांच टीम को सांसद के प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय ने बताया कि प्रतापगढ़ में सेतु निगम का कार्यालय सुल्तानपुर सम्बद्ध करने के बाद से ही लापरवाही व अनदेखी शुरू होने लगी थी। शहर का नया माल गोदाम रोड का ओवरब्रिज धन स्वीकृत होने के बाद भी कार्य शुरू न हो पाना सेतु निगम के अधिकारियों की सरासर लापरवाही है। अधिकारियों की कड़ी फटकार के बाद शायद कुछ काम में तेजी आए।

सरदार मंजीत सिंह गोविन्द बने टीम के क्वाडिनेटर

प्रतापगढ़। गुरुद्वारा नानक शाही बाबागंज के उपाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह गोबिंद को पंजाबी टीवी चैनल चरदीकला टाइम टीवी पर प्रसारित होने वाले गुरमत क्विज शो आओ बनिए गुरसिख प्यारा का छतीसगढ़ व महाराष्ट्र का सेलेक्सन टेस्ट टीम का क्वाडिनेटर बनाया गया है।

रेलवे परिसर में खड़े वाहनों का ट्रैफिक पुलिस ने किया चालान

किसी ने ट्रैफिक निदेशालय को किया था ट्वीट

अखंड भारत संदेश

ट्वीट के बाद हरकत में आए पुलिस कर्मियों ने की कार्यवाई

प्रतापगढ़। स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में नो पार्किंग में खड़े करीब बीस वाहनों का ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को चालान किया है। इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया। लोग वाहन लेकर भागना शुरू कर दिए। रेलवे परिसर में ट्रैफिक पुलिस की इस तरह की पहली कार्रवाई थी। अभी तक जीआरपी और आरपीएफ वाले गाहे बगाहे चालान करते रहें हैं। सुबह पद्मवात एक्सप्रेस के समय ट्रैफिक पुलिस कर्मी स्टेशन परिसर में दाखिल हुए। वहां काफी संख्या में छोड़े, बड़े वाहन जाम लगाए खड़े थे। इससे यात्रियों को निकलने में दिक्कत आ रही थी। पुलिस ने सभी का चालान काटना शुरू कर दिया। इससे लोग भागने लगे। इस बीच दर्जन भर बाइक, चार,चारपहिया और टेंपो वालों का चालान किया गया। कुछ टेंपो वाले भाग लिए। पुलिस कर्मियों ने बताया कि किसी यात्री ने उनके निदेशालय को वाहनों के बारे में ट्वीट किया था। कार्रवाई की आख्या बनाकर भेजी जाएगी। बता दें कि सकुर्लेटिंग एरिया में नो पार्किंग में वाहन खड़े रहते हैं लेकिन उन पर किसी प्रकार की कोई पाबंदी नहीं लगाई जाती है। जबकि वाहनों का स्टैंड बना हुआ है। इससे प्लेटफार्म वाले यात्रियों को निकलने में काफी परेशानी होती है।

पत्नी से विवाद के बाद गला घोटकर युवक की हत्या

हत्यारे ने रस्सी से बांधा शव मृतक के दोनों पैर घुटने के नीचे जमीन पर टिके, साढ़े 5 फीट लंबा व्यक्ति 4 फुट की लंबाई पर टिका गजब है थाना पुलिस की आत्महत्या की कहानी

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मलाक मोइन उद्दीनपुर गांव में पत्नी से विवाद के बाद एक युवक की गला घोटकर हत्या कर दी गई है युवक की हत्या करने वाले हत्यारे इतने शातिर थे कि हत्या करने के बाद साढ़े 5 फीट के व्यक्ति को 4 फीट ऊंचे चुल्ले पर बांध कर आत्महत्या साबित करने का प्रयास करना शुरू कर दिया है और संदीपन घाट थाना अध्यक्ष भी हत्यारो की भाषा बोलने लगे हैं थाना अध्यक्ष का कहना है कि युवक ने आत्महत्या कर लिया है और रस्सी बढ़कर लंबी हो गई है जिससे उसके दोनों पैर घुटने के नीचे से जमीन पर टिक गए हैं थाना अध्यक्ष की यह कहानी उन पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है जिम्मेदार पद पर बैठा व्यक्ति आखिर ऐसी बचकानी बात कैसे कर सकता है मृतक के भाई की तहरीर पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक गोलू

उम्र 30 वर्ष पुत्र हरजीवन निवासी मालक मोहिउद्दीनपुर थाना संदीपन घाट का अपनी पत्नी से लगातार विवाद चल रहा था आए दिन लड़ाई झगड़ा होता था बीती रात गोलू घर में अकेला था लेकिन सुबह उसकी लाश घर के अंदर चार फिट ऊंचे चुल्ले में बंधी मिली है घुटने के नीचे के दोनों पैर जमीन में रखे हुए हैं फांसी के फंदे में झूलना तो दूर घटनास्थल पर मृतक का खड़े होना भी मुनासिब नहीं था गोलू की मौत के बाद इस कदर से परिजन दहशत में है कि परिजन जुबान खोलने को तैयार नहीं है इशारे इशारे में हत्यारो की ओर परिजन इशारा कर रहे हैं लेकिन नाम लेकर बोलने का साहस परिजन नहीं कर रहे हैं जिससे गोलू की हत्या का मामला उलझता जा रहा है घटना की रात गोलू के घर पर कौन आया था पुलिस इस मामले की भी जांच करने के बजाय मामले में आत्महत्या की बयान बाजी थाना पुलिस करने लगी है आखिर सब कुछ साफ-साफ दिखाई पड़ने के बाद गोलू की मौत को आत्महत्या साबित करने में थाना पुलिस क्यों उतावली है हत्यारो को दंड दिलाने के बजाय मामले में पर्दा डालने का प्रयास जब थाना अध्यक्ष संदीपनघाट खुद करने लगेंगे तो कैसे अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगेगा गोलू की मौत के बाद थाना अध्यक्ष संदीपन घाट के निष्ठा पर सवाल खड़े हो गए हैं जो बड़ी जांच का विषय है और पुलिस अधिकारियों ने संदीपन घाट थाना अध्यक्ष के कार्यकाल में गोलू की मौत सहित विभिन्न आपराधिक घटनाओं के उच्च स्तरीय जांच कराई तो थाना अध्यक्ष संदीपन घाट की मुसीबत बढ़ना तय है।

सिद्ध कालका पीठ द्वारा सुरसेनी ग्राम सभा में फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन

शंभू नाथ हॉस्पिटल की टीम सुरसेनी ग्राम सभा में करेगी निशुल्क हेल्थ चेकअप

कौशाम्बी। विभिन्न बीमारियों से निजात के लिए सिद्ध कालका पीठ के महंत अखिलेश्वरा नंद ब्रह्मचारी महाराज के निर्देशन में ग्राम सभा सुरसेनी में मुफ्त हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है इस विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि क्षेत्र में ग्रामीण अंचल होने के चलते बीमारियों की जांच नहीं हो पाती है जिससे कई बार ग्रामीण लोग गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं ऐसे में सिद्ध कालिका पीठ के तत्वाधान में यह कैंप लगाया जा रहा है जिसमें पहुंचने वाले लोगों का मुफ्त में जांच होगा इसके साथ प्राथमिक इलाज की भी व्यवस्था कैंप में की गई है। शनिवार को शंभू नाथ हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम के द्वारा फ्री में हेल्थ चेकअप किया जाएगा इसकी जानकारी श्री सिद्ध कालका पीठ के महंत अखिलेश्वरा नंद ब्रह्मचारी महाराज ने दी है।

बरौली में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की मुख्य विकास अधिकारी ने सुनी समस्याएं

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने शुक्रवार को विकास खण्ड सरसवॉ की ग्राम पंचायत-बरौली में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। ग्राम चौपाल में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामवासियों को विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कस्तूरबा गॉधी बालिका आवासीय विद्यालय में बच्चो का नामांकन कराये जाने के लिए जागरूक किया ग्राम चौपाल में श्रीमती गुड्डी देवी पत्नी शारदा प्रसाद ने बच्चे की ड्रेस की धनराशि खाते में अन्तरित होने के

बावजूद भी शाखा प्रबन्धक बडौदा पूर्वी उ0प्र0 ग्रामीण बैक चम्पहा बाजार द्वारा आहरण न करने की शिकायत की, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए मौके पर उपस्थित बीएसए को निर्देश दिये कि तत्काल बच्चे की ड्रेस की धनराशि दिलवाये एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक, को भी निर्देश दियें कि शाखा प्रबन्धक द्वारा किये गये ऐसे कृत्य की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही किया जाए ग्राम चौपाल में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी ए के सागर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुशवाहा, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई संजय जायसवाल, खण्ड विकास अधिकारी सरसवॉ राकेश सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत,सहायक विकास अधिकारी आईएसबी, सहायक विकास अधिकारी कृषि, सहायक विकास अधिकारी स./क. पूर्ति निरीक्षक, खण्ड शिक्षा अधिकारी सरसवॉ, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, लेखपाल व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

दीवार गिरने से एक परिवार के तीन लोग मलवा के नीचे दबे

गंभीर हालत में तीनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती

अखंड भारत संदेश

बेनीराम कटरा कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के घोषिया में शनिवार की सुबह 8 बजे अचानक दीवार गिर जाने से तीन लोग दीवार के मलवे में दब गए है दीवार गिरने की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों का मजमा लग गया मामले की सूचना पुलिस को दी गई ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने दीवार के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है हादसे में तीन लोगों को गंभीर चोटे आए हैं। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के घोषिया में शुक्रवार की सुबह रामकृपाल के घर की दीवार अचानक भरभरा कर गिर पड़ी है जिससे रामकृपाल के परिवार के शोभित साहिल सोमनाथ तीनों दीवार के मलवा के नीचे दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए दीवार में दबे लोगों की चीख पुकार सुनकर आसपास और परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और दीवार का मालवा हटाकर उसमें दबे छोटे छोटे बच्चों को बाहर निकाला मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गयी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आकांक्षात्मक विकास खण्ड की निर्धारित इण्डीकेटर्स के प्रगति की सीडीओ ने की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्ड मंझनपुर एवं कौशाम्बी की निर्धारित इण्डीकेटर्स की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में आकांक्षात्मक विकास खण्ड मंझनपुर एवं कौशाम्बी के इण्डीकेटर्स की समीक्षा के दौरान बाल विकास एवं पुष्टाहार, बैंक एवं स्वास्थ्य विभाग के इण्डीकेटर्स की प्रगति काफी कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को प्रगति लाने तथा नियमित रूप

इण्डीकेटर्स में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी

से इण्डीकेटर्स को अपडेट करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि इण्डीकेटर्स में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला उद्यान अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिये।

वृद्धावस्था पेंशनर्स अपना आधार एनपीसीआई मैप प्रमाणीकरण अवश्य कराएं

कौशाम्बी। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत पेंशनरों को पेंशन धनराशि का भुगतान आधार बेस्ड प्रणाली के माध्यम से किया जाना है वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनरों के आधार बैंक खाते में सीड एनपीसीआई मैप न होने के कारण धनराशि स्थानान्तरित नहीं हो पा रही है। उन्होंने समस्त पेंशनरों को सूचित किया है कि अपने बैंक शाखा में सम्पर्क स्थापित करते हुये अपना आधार एनपीसीआई मैप/ प्रमाणी करण कराना सुनिश्चित करें। यदि सम्बन्धित बैंक एनपीसीआई मैप/ प्रमाणीकरण करने से मना करता है तो अग्रणी जिला प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा के मोबाइल नंबर 9554951705 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

गांव में तैनात तीन सफाई कर्मी फिर भी पूरे गांव में गंदगी व्याप्त

अखंड भारत संदेश

तिल्हापुर कौशांबी। स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव को साफ सुथरा रखने के लिए केंद्र प्रदेश सरकार से लेकर अधिकारी तमाम प्रयास कर रहे हैं देश के प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री से लेकर अफसर खुद सफाई अभियान में शामिल हुए थे लेकिन उसके बाद भी गांव क्षेत्र की गंदगी नहीं दूर हो रही है पंचायती राज विभाग से गांव गांव में सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है जिससे गांव की गंदगी दूर हो सके लेकिन सफाई कर्मी भी मनमानी पर उतारू हैं। नेवादा विकासखंड के औधन फरीदपुर गांव में तीन सफाई कर्मचारियों की तैनाती दी गई है एक सफाई कर्मचारी बीते वर्षो से बड़े साहब के आवास पर ड्यूटी बजा रहा है और दो सफाई कर्मी भी मनमानी पर

साहब के कार्यालय आने के बाद उनके घर में ड्यूटी देता है सफाई कर्मी

औधन फरीदपुर में गंदगी व्याप्त बजबजा रही नालिया जगह-जगह लगें कूड़े के ढेर गांव में उठ रही दुर्गन्ध

उतारू है जिससे औधन फरीदपुर गांव की सफाई व्यवस्था चौपट हो चुकी है बताया जाता है कि सुशील कुमार शर्मा अशोक कुमार और सुशील कुमार मिश्रा सफाई कर्मचारियों की तैयारी औधन फरीदपुर गांव में की गई है लेकिन दो सफाई कर्मचारी गांव में कभी-कभी तो ड्यूटी देते हैं एक सफाई कर्मचारी साहब की जी हुजूरी में लगा है और साहब के आवास पर देखा जाता है साहब अपनी ड्यूटी पर कार्यालय चले आते हैं फिर भी सफाई कर्मी उनके घर की सफाई करने में व्यस्त रहता है वह साहब के आवास में कौन-कौन सी सफाई करता है यह बड़ी चर्चा का विषय है सफाई कर्मी की मनमानी के चलते गांव में चारों ओर गंदगी व्याप्त है नालियां बजबजा रही है जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं पूरे गांव में दुर्गंध उठ रही है लेकिन उसके बाद सफाई करने वाले कर्मी गांव से गायब है फिर भी विकासखंड स्तर पर उनके फर्जी उपस्थिति दर्ज करके उनका वेतन प्रत्येक महीने साहब के दबाव में दिया जा रहा है जो बड़ी जांच का विषय है लेकिन उसके बाद भी सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और फ्री का वेतन लेने वाले कर्मियों को बर्खास्त करने की कार्रवाई अभी तक जिला स्तर से नहीं हो सकी है।

ननिहाल में रह रहे युवक की संदिग्ध दशा में जहरीला पदार्थ खाने से मौत

अखंड भारत संदेश

कड़ा कौशाम्बी। मामा के यहां रह रहे एक युवक शुक्रवार सुबह गांव के बाहर एक कुटी में अचेत हालत में मिला है जिसकी इलाज से पहले रास्ते में ही मौत हो गई घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

कड़ाधाम कोतवाली के सौरई बुजुर्ग गांव निवासी सत्येंद्र पाल उम्र 24 वर्ष पेसे से बिजली मैकेनिक एवं प्लंबर का काम करता था सत्येंद्र जब चार माह का था तभी उसकी मां खत्म हो गई तभी से वह अपने ननिहाल मे अपने मामा बिंदेश्वरी पाल पुत्र रामलाल निवासी सौरई बुजुर्ग के यहां पला और बड़ा हुआ. सत्येंद्र अपने गांव के साथ अन्य गांव के घरों में बिजली और प्लंबरिंग का काम किया करता था शुक्रवार सुबह लगभग 4:30 बजे ग्रामीणों ने गांव के बाहर भोला चौराहा स्थित एक कुटी के पास उसको अचेत हालत में देखा तो खबर उसके घर पहुंचाई आनन फानन में परिवारीजन उसको लेकर प्रयागराज जा रहे थे कि रास्ते में उसने दम तोड़ दिया. युवक के दम तोड़ते ही उसके परिवार में हाहाकार मच गया जैसे ही इस मामले की सूचना कड़ाधाम पुलिस को हुई पुलिस नें मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, पुलिस नें घटनास्थल का बारीकी से जांच करते हुए गांव के लोगों से भी पूछताछ की,युवक की मौत कैसे हुई यह एक पहेली बनी हुई है फिलहाल पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने का इंतजार है वहीं ग्रामीणों की चचाओं पर जाएं तो घटना के पीछे प्रेम प्रसंग की चचाएं हो रहीं है। चर्चा ये भी है की एक तरफा प्यार के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खाया है। घटना को लेकर थाना अध्यक्ष कड़ाधाम आशुतोष सिंह ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

संदिग्ध परिस्थितियों में अधिवक्ता की पत्नी की मौत

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव के आशीष तिवारी पुत्र राम मूरत तिवारी प्रयागराज में अधिवक्ता है आशीष तिवारी की पत्नी कोमल तिवारी अपने तीन बच्चों के साथ अपने घर में रहती थी। चौबीस अगस्त को समय करीब तीन बजे दिन में विवाहिता ने अपने घर के अन्दर दरवाजा बंद कर के छत के चुल्ले में साड़ी के सहारे फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया है। कुछ देर बाद बच्चे स्कूल से घर आए तो दरवाजा अन्दर से बंद मिला। बच्चों ने दरवाजा खटखटाया तो मृतका की आवाज नहीं आयी। बच्चों के शोरगुल करने पर मुहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। परिवार के लोगों ने दरवाजा तोड़ कर देखा तो विवाहिता फांसी के फंदे से झूल रही थी। परिवार के लोगों ने आनन-फानन पुलिस को सूचना दिया। मौके पर चरवा पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लिया।सूत्रों के अनुसार जानकारी हुई है कि मृतका के हाथों द्वारा पति के विरुद्ध प्रताणित करने का लिखित सुसाइड नोट भी मिला है। फिलहाल चरवा प्रभारी विनोद कुमार सिंह से पूछने पर सुसाइड नोट की पुष्टि नहीं हुई। चरवा पुलिस ने पंचायत नामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सरकारी केंद्रों में किसान कैसे बेचेंगे अपनी धान की उपज!

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। सरकारी धान खरीद केंद्रों में किसानों की उपज बेचने के पूर्व उनके खतौनी की फीडिंग ऑनलाइन होती है ऑनलाइन फीडिंग की तारीख विभाग द्वारा 31 अगस्त निर्धारित की गई है तमाम किसानों ने धान बिक्री के लिए ऑनलाइन फीडिंग कराई है लेकिन उनके भूमि का सत्यापन करने में संबंधित तहसील के कंप्यूटर फीडिंग ऑपरेटर मनमानी पर उतारू है बिना रकम लिए किसानों की भूमि का सत्यापन फीडिंग नहीं कर रहे हैं जिन किसानों ने कंप्यूटर ऑपरेटर की डिमांड पूरी कर दी है उनकी भूमि के सत्यापन फीडिंग हो रही हैं और जिन किसानों ने कंप्यूटर ऑपरेटर की डिमांड पूर्ण करने में आना कानी की है उनके भूमि के अभिलेखों को सत्यापन

सत्यापन विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर की मनमानी से किसानों की भूमि का नहीं हो रहा सत्यापन

करने में फीडिंग करने के लिए तमाम ड्रामेबाजी कंप्यूटर ऑपरेटर कर रहे हैं एक सप्ताह से अधिक बीत जाने के बाद भी तमाम किसानों की भूमि का सत्यापन के लिए फीडिंग नहीं कर सकें हैं जिससे तमाम किसान पीड़ित है सवाल उठता है कि धान बिक्री के लिए रजिस्ट्रेशन करने में 5 दिन का समय बचा है तो कैसे उनकी उपज धान की बिक्री सरकारी धान खरीद केंद्रों में हो पाएगी यह सवाल खड़ा हो रहा है लेकिन सत्यापन के नाम पर वसूली करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटर पर आखिर कौनकि अंकुश लगाएगा जिससे किसानों को राहत मिल सके।

न्यूज झरोखा

ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से सीआरपीएफ जवान शहीद

कोखराज कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम ककोढा निवासी धर्मपाल मौर्य पुत्र स्वा सूरज पाल मौर्य सीआरपीएफ के एसआई जीडी के पद पर अहमदाबाद गुजरात में तैनात थे सीआरपीएफ में ड्यूटी के दौरान अचानक हृदय गति रुकने से धर्मपाल मौर्या की मौत हो गयी उनके शव को सीआरपीएफ के अफसर द्वारा उनके गांव पहुंचाया गया सीआरपीएफ जवान का शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया जवान के शव को देखकर परिवार के लोग दहाड़ मारकर रोने लगे जवान की मौत की जानकारी मिलते ही पूरा गांव रिश्तेदार परिचित उनके घर पर पहुंच गया और हर आंखें नम थी सीआरपीएफ जवान के अंतिम संस्कार में जवानों की टीम ने कन्धा दिया सलामी के बाद अंतिम संस्कार में हजारों की भीड़ ने नम आंखों से शहीद हुए जवान को भारत माता की जय के उदघोष के साथ अंतिम विदाई दी।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह व क्षेत्राधिकारी चायल योगेन्द्र कृष्ण नारायण के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संदीपन घाट दिलीप कुमार सिंह मय हमराह उपनिरीक्षक आनन्द स्वरूप प्रजापति,हेका राजेश सिंह,हेका अखिलेश के साथ रात्रि क्षेत्र गस्त व वांछित,वारंटी तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर युपी गैंगेस्टर सम्बंधित अभियुक्त मूरतगंज से प्रयागराज की तरफ जा रहा है,पुलिस मुखबिर की बात पर विश्वास कर तेरहमील के पास चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्ति को दबिश देकर पकड़ लिया,वांछित वारंटी अभियुक्त मो सऊद पूर्व ब्लाक प्रमुख पुत्र स्व.महफूज उर्फ बचऊ निवासी ग्राम-लोहरा थाना-संदीपन घाट मुअसं,204/23 धारा 2/3(1)युपी गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित को पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में सुपुर्द किया।

महाहड़ताल में शामिल हुए स्टांप वेंडर

चायल कौशाम्बी। आल यूपी स्टाम्प बेंडर एशोसिएशन की घोषणा के बाद चायल तहसील सहित पूरे जिले में स्टांप बिक्री करने वाले सभी स्टाम्प बेंडर ने शुक्रवार को पूरी तरह से हड़ताल कर दिया है हड़ताल कर रहे स्टाफ बेंडर ने आरोप लगाया है कि स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन द्वारा स्टांप बेंडर का उत्पीड़न किया जा रहा है हेल्प डेस्क के कर्मचारी स्टाम्प की बिक्री के लिए सुबह से उपस्थित हो गए हैं और पूरी तहसील परिसर में पम्पलेट चिपका रहे हैं कि हमारे यहां से स्टांप पेपर ले लीजिए और इसी उत्पीड़न के खिलाफ महा हड़ताल की घोषणा की गई है चायल तहसील मे लगभग दो दर्जन स्टाम्प लाईसेन्स है जिसमें से 6 लोग काम करते है हड़ताल किए जाने से तहसील में स्टांप का काम पूरी तरह से बाधित रहा महा हड़ताल में शामिल लोगों में राजकुमार,धीरेन्द्र कुमार, लक्ष्मी नारायण ,अरविन्द कुमार , चंद्रप्रकाश मौजूद रहे इसी तरह अन्य क्षेत्रों में भी हड़ताल का असर दिखाई पड़ा है।

नाली खोदकर प्रधान ने छोड़ा गरीब का गिरा घर

कौशांबी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कौशांबी बारा विकासखंड अंतर्गत नौहाई ग्राम सभा में दीपक कुमार के घर के बगल में ग्राम प्रधान ने नाली खुदवा कर छोड़ दिया जिससे नाली में पानी भरने लगा और नाली के पानी से दीपक की दीवाल मैं नमी जाने लगी और अधिक नमी के चलते दीपक की दीवार गिर गई है जिससे उसका भारी नुकसान हुआ है सयोग अच्छा था कि इस हादसे में किसी को चोट नहीं लगी है वरना बड़ी हानि होती सवाल उठता है कि गरीबों के घर के बगल में जब ग्राम प्रधान को नाली नहीं बनाना था तो उसने नाली खोदकर क्यों छोड़ दिया एक तरफ सरकार गरीबों को आवास दे रही है दूसरी तरफ प्रधान राजनीतिक रंजिश के चलते गरीबों का घर गिरा कर गरीबो को परेशान प्रताड़ित कर उनका नुकसान कर रहे हैं यदि तहसील और ब्लॉक के अधिकारियों ने दीपक के घर के बगल में नाली खोदे जाने के मामले की जांच कराई तो ग्रान प्रधान का राजनीतिक रंजिश उजागर होना तय है।

कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

कड़ा कौशाम्बी। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा में शुक्रवार को कुष्ठ रोगी खोजी अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।केंद्र के अधीक्षक डॉ मो सऊद की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में जिले से आए एनएमएस बीएम सिंह, एलटीसी सरोज सिंह व एनएमए अशोक कुमार द्वारा आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में एक सितंबर से 30 सितंबर तक चलने वाले अभियान के तहत घर-घर जाकर कुष्ठ रोगी की पहचान करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।इस दौरान डॉ मो सऊद ने मौजूद स्वास्थ्य कर्मचारियों को रोग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सहयोग की अपील की।उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर जाकर कुष्ठ रोगी की खोज एवं निःशुल्क ईलाज इस कार्यक्रम का उद्देश्य है । साथ ही समाज में कुष्ठ रोगियों की खोज, उनका नियमित उपचार, रोग के संचरण को रोकना, विकलांगता से बचाव आदि इस अभियान का अहम हिस्सा है।उन्होंने आशा कार्यकताओं को इस रोग के लक्षण जैसे सूजन आना, जोड़ों में दर्द होना, बुखार होना आदि के विषय में जानकारी देते हुए घर घर भ्रमण के दौरान इन बातों का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया । इस मौके पर प्रभाकर सिंह चंदेल, प्रदीप सिंह सहित तमाम स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

संपादक की कलम से

चंदा मामा हुआ हमारा

भारत की अंतरिक्ष एजेंसी ने आज चंद्रमा पर एक रोवर को उतारकर अंतरिक्ष अन्वेषण में एक शक्ति और अंतरिक्ष वाणिज्य की नई सीमा के रूप में देश के आगमन को चिह्नित किया है। 75 मिलियन डॉलर से कम के बजट पर निर्मित, चंद्रयान -3, जिसका संस्कृत में अर्थ है "चंद्रमा वाहन", आज चांद पर है।

अपनी पीठ पर चंद्रयान-3 आज 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीदों को साकार कर चुका है। चांद को चूमने पर ये उम्मीदें हर भारतीय के दिल में खुशी बनकर फूटी है। पूरा देश खुशियां मना रहा है। पिछली बार जो कसक रह गई थी, इस बार सब मंगल हुई। जी हां, आज हम चांद पर है। पूरे देश को बेसब्री से चंद्रयान की लैंडिंग का इंतजार था वो खत्म हुआ। मिशन की सफलता से भारत संयुक्त राज्य अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ और चीन वाले देशों के एक छोटे समूह में शामिल हो गया है, जिन्होंने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की है। इस साल की शुरूआत में एक जापानी स्टार्ट-अप का प्रयास ऊंचाई की गलत गणना के कारण लैंडर के दुर्घटनाग्रस्त होने के साथ समाप्त हुआ, जिसका मतलब था कि अंतरिक्ष यान का ईंधन खत्म हो गया था। स्पेसआईएल और इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) द्वारा निर्मित एक इजराइली अंतरिक्ष यान भी इस साल की शुरूआत में चंद्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

2020 में चंद्रयान-2 मिशन में एक ऑर्बिटर को सफलतापूर्वक तैनात करने के बाद भारत का अंतरिक्ष उद्योग इस मिशन से मुक्ति की तलाश से, लैंडर और रोवर को उतारने में सफल हुए। चंद्रयान-2 मिशन को स्थायी रूप से छाया वाले चंद्रमा के क्रेटर का अध्ययन करने के लिए डिजाइन किया गया था। ऐसा माना जाता है कि इसमें पानी का भंडार है जिसकी पुष्टि 2008 के पहले चंद्रयान-1 मिशन से हुई थी - जिसने चंद्रमा की कक्षा तो ली लेकिन उतरा नहीं। इस बार सब योजना के अनुसार हुआ, चंद्रयान -3 में 2-मीटर (6।5-फुट) लंबा लैंडर शामिल है जिसे चंद्रमा के पास एक रोवर तैनात करने के लिए डिजाइन किया गया है। दक्षिणी ध्रुव जहां पानी की बर्फ पाई गई है। उम्मीद है कि प्रयोगों की एक श्रृंखला चलाने के बाद रोवर दो सप्ताह तक कार्यशील रहेगा। चंद्रयान-3 का लैंडर और रोवर चांद की सतह पर उतरने के बाद अपने मिशन का अंजाम देने के लिए सौर्य ऊर्जा का इस्तेमाल करेगा। चांद पर 14 दिन तक दिन और अगले 14 दिन तक रात रहती है, अगर चंद्रयान ऐसे वक्त में चांद पर उतरेगा जब वहां रात हो तो वह काम नहीं कर पाएगा। इसरो सभी चीजों की गणना करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचा है कि 23 अगस्त से चांद के दक्षिणी ध्रुव सूरज की रौशनी उपलब्ध रहेगी। इसरो सभी चीजों की गणना करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचा है कि 23 अगस्त से चांद के दक्षिणी ध्रुव सूरज की रौशनी उपलब्ध रहेगी।

वहां रात्रि के 14 दिन की अवधि 22 अगस्त को समाप्त हो रही है। 23 अगस्त से 5 सितंबर के बीच दक्षिणी ध्रुव पर धूप निकलेगी, जिसकी मदद से चंद्रयान का रोवर चार्ज हो सकेगा और अपने मिशन को अंजाम देगा।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा निजी अंतरिक्ष प्रक्षेपण और संबंधित उपग्रह-आधारित व्यवसायों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए नीतियों की घोषणा के बाद से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा लॉन्च देश का पहला बड़ा मिशन है। 2020 के बाद से, जब भारत निजी लॉन्च के लिए खुला, अंतरिक्ष स्टार्ट-अप की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। भारत ने, हाल के वर्षों में, खुद को वाणिज्यिक अंतरिक्ष संचालन के एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में मजबूत किया है, जिसमें नवंबर 2022 में प्रारंभ नामक मिशन के हिस्से के रूप में अपने पहले निजी तौर पर विकसित रॉकेट, विक्रम-एस का प्रक्षेपण भी शामिल है, जिसका अर्थ है शुरूआत।

मोदी का मास्टरस्ट्रोक, भ्रष्टाचारियों में हलचल क्यों

राजेश कुमार पासी

कहावत है कि नमाज बख्शवाने गए और रोजे गले पड़े, कुछ ऐसा ही हमारे देश के विपक्षी दलों के साथ हुआ है । ये लोग इन्तजार कर रहे थे कि ईडी निदेशक संजय मिश्रा 15 सितम्बर को रिटायर हो जायेंगे तो उनकी समस्या कुछ कम हो जायेगी लेकिन मोदी और शाह ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है । सरकार ने फैसला किया है कि वो एनएसए और सीडीएस की तरह एक नया पद बनायेगी । जिस तरह से एनएसए गुप्तचर एजेंसियों के मुखिया हैं और सीडीएस तीनों सेनाओं के मुखिया हैं उसी प्रकार से ईडी और सीबीआई के मुखिया के रूप में मुख्य जांच अधिकारी(चीफ इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर) का पद बनाया जाएगा । जिस तरह से एनएसए और सीडीएस सीधे प्रधानमंत्री को रिपोर्ट करते हैं, उसी प्रकार सीआईओ भी प्रधानमंत्री को रिपोर्ट करेगा । वो दोनों जाँच एजेंसियों के समन्वय काम करेंगे ताकि दोनों जाँच एजेंसियां मिलकर भ्रष्ट्राचारियों पर नकेल कस सके । सीबीआई भ्रष्टाचार और घोटालों की जाँच करती है और ईडी अवैध पैसों के लेनदेन की जाँच करती है । जो भ्रष्टाचार होता है तो पैसों का लेनदेन होना लाजिमी है । इस तरह देखा जाये तो जहाँ भ्रष्टाचार होता है, वहाँ सीबीआई के बाद ईडी को जाना पड़ता है और जहाँ ईडी जाती है, वहाँ बाद में सीबीआई को जाना पड़ता है । अगर दोनों जाँच एजेंसियां मिलकर काम करती हैं तो अपराधियों का बचना मुश्किल हो जायेगा । मोदी जी भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहे हैं । वो किसी को भी अपने काम में रुकावट नहीं बनने देना चाहते । सुप्रीम कोर्ट ने संजय मिश्रा को 15 सितम्बर तक ही ईडी निदेशक के पद पर काम करने की छूट दी थी लेकिन सरकार उन्हें खोना नहीं चाहती । वैसे भी देखा जाये तो सिर्फ उम्र के आधार पर किसी काबिल अफसर को मोदी खोना नहीं चाहते । यही कारण है कि उन्होंने 80 साल के अजित डोभाल को एनएसए के पद पर बनाकर रखा हुआ है । आज पूरा देश जानता है कि उन्होंने किस तरह से देश की सेवा की है । संजय मिश्रा के ईडी निदेशक बनने से पहले ईडी को कोई नहीं जानता था लेकिन उनके आने के बाद पूरे देश में ईडी का नाम गूंज रहा है । भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ईडी जो कार्यवाही कर रही है, वो पहले कभी देखी नहीं गई । आतंकवाद के लिये मिलने वाले फंड पर भी उसने लगाम लगाई है । नारकोटिक्स के काले पैसे पर भी उसकी नजर है । मोदी जी को लगता है कि संजय मिश्रा उनके लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये जरूरी हैं, इसलिये उन्होंने उन्हें सरकार में बनाये रखने के लिये यह रास्ता निकाला है । इसमें अब सुप्रीम कोर्ट भी कुछ नहीं कर सकता । विपक्षी दलों के लिये आने वाला वक्त और भी बुरा साबित होने वाला है । यही कारण है कि विपक्षी दल संजय मिश्रा के जाने की उम्मीद कर रहे थे । ये लोग इनको हटाने के लिये कई बार सुप्रीम कोर्ट गये हैं । ये संजय मिश्रा को क्यों हटाना चाहते हैं, यह बात अब समझ आ जानी चाहिए ।

मोदी के इस कदम ने विपक्ष की नींद उड़ा दी है, ईडी के निदेशक पद पर जिसे बर्दाश्त करना मुश्किल हो रहा था, वो अब न केवल ईडी बल्कि सीबीआई का काम भी देखेंगे । सरकार के किस किस कदम को मास्टर स्ट्रोक कहा जाये, ये कहना बड़ा मुश्किल है लेकिन ये बड़ा मास्टर स्ट्रोक है, इसमें कोई शक नहीं होना चाहिए । विरोधी इंतजार में थे कि ये जाने वाले हैं लेकिन ये तो पक्का मोर्चा बनाकर बैठ जाने वाले हैं । शरद पवार, पी, चिदंबरम, हेमन्त सोरेन, अनिल देशमुख, फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, सेंथिल बनर्जी, अभिषेक बनर्जी, केजरीवाल के मंत्री और अफसर, पार्थ चैटर्जी, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू यादव और उनके परिवार के लिए बड़ी मुसीबत उनका इंतजार कर रही है । सिर्फ विपक्ष ही संजय मिश्रा से नहीं डरता है बल्कि चीनी मीडिया वाले पत्रकार भी डरे हुए हैं । हो सकता है कि इन्होंने चीन से इतना पैसा ले लिया हो कि उन्हें पकड़े जाने का डर सता रहा हो । 15 बड़े विपक्षी नेता सुप्रीम कोर्ट पहुँच गये कि उनके खिलाफ कार्यवाही न हो लेकिन माननीय अदालत ने इन्हें उल्टे पैर भगा दिया । ये लोग कहते हैं कि ये माननीय नेता हैं, सबके खिलाफ कार्यवाही हो लेकिन इन्हें छूट दे दी जाये । अब इन लोगों को बताना चाहिये कि संविधान में कहाँ लिखा है कि विपक्षी नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही को लोकतंत्र की हत्या माना जायेगा, इसे तानाशाही कहा जायेगा । ईडी अब अंतरराष्ट्रीय मानकों के हिसाब से काम कर रही है । अगर वो सही प्रकार से काम नहीं करेगी तो देश को अंतरराष्ट्रीय मंचों



पर जवाब देना मुश्किल हो जायेगा । सभी देशों के लिये यह जरूरी है क्योंकि ऐसा न करने पर एफएटीएफ की ब्लैक लिस्ट में आने का खतरा है । चोर पुलिस को देखते ही भाग जाता है लेकिन सामान्य आदमी खड़ा रहता है । अगर ईडी और सीबीआई ताकतवर होते हैं और कार्यवाही करते हैं तो ईमानदार लोगों को डरने की क्या जरूरत है । वही आदमी डरेगा, जिसने करोड़ों रुपये की चोरी कर-के उन्हें कहीं छुपाया होगा ।

विपक्ष यह इल्जाम लगाता है कि मोदी सरकार अपने नेताओं के खिलाफ कार्यवाही नहीं करती है जबकि ऐसी कार्यवाही भी हो रही है । सवाल पैदा होता है कि क्या विपक्ष ये कार्यवाही नहीं कर सकता ।

कांग्रेस भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह पर आरोप लगाती थी कि उन्होंने जनता के करोड़ों रुपये की चोरी की है । वो कमीशन खाते हैं । कांग्रेस को जवाब देना चाहिये कि उसकी सरकार पिछले पाँच साल से छत्तीसगढ़ में चल रही है तो उसने क्यों नहीं डॉ रमनसिंह को पकड़कर जेल में डाल दिया । उसके पास पुलिस है, विजिलेंस विभाग है लेकिन कुछ नहीं किया । इसका मतलब साफ है कि कांग्रेस झूठा आरोप लगा रही थी । ऐसा ही आरोप उसने कर्नाटक की भाजपा सरकार पर लगाया था कि वो सरकार 40 प्रतिशत कमीशन खाती है लेकिन सरकार बने कई महीने हो गये किसी भाजपा नेता के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई । दूसरी बात अगर भाजपा 40 प्रतिशत कमीशन खा रही थी तो अब जो पैसा बच रहा है, वो कहाँ जा रहा है । काँग्रेस तो कह रही है कि हमारे पास विकास के लिये पैसा ही नहीं है । 40 प्रतिशत कमीशन खाने वाली सरकार चली गई है तो पैसों का ढेर लग जाना चाहिए । लेकिन कांग्रेस झूठे आरोप लगाकर चुनाव जीत गई है इसलिये यही फामूर्ला वो मध्यप्रदेश सरकार पर भी लगा रही है कि वो सरकार 50 प्रतिशत कमीशन खा रही है । अगर कांग्रेस की सरकार मध्यप्रदेश में बन जाती है तो आप देखना कि कांग्रेस इस बारे में बात भी नहीं करेगी । झूठे आरोप लगाना कांग्रेस की आदत बन गई है । विपक्ष यह आरोप लगाता है कि अदालत ने सजा नहीं दी है इसलिये उनके नेता निर्दोष हैं । सवाल यह है कि जब अदालत ने बरी नहीं किया है तो वो निर्दोष कैसे हो सकते हैं । यह हमारे देश की बड़ी समस्या है कि अदालतें समय पर फैसला नहीं दे पाती है, अगर अदालतें समय पर फैसला दे दें तो देश से भ्रष्टाचार खत्म करने की लड़ाई में आसानी हो सकती है । वास्तव में न्यायपालिका को यह विचार करना होगा कि क्यों उसका डर भ्रष्टाचारियों में खत्म हो गया है । वो सोचते हैं जब तक फैसला होगा, वो ही खत्म हो जायेंगे । उनके मरने के बाद अदालत किसको सजा देगी ।

23 अगस्त को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्मदिन था, ईडी ने उनके राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा और ओएसडी मनीष बंछोर तथा आशीष वर्मा और उनके करीबियों पर छापेमारी की । भूपेश बघेल ने मोदी पर तंज कसा कि मोदी जी ने उन्हें जन्मदिन का तोहफा दिया है । सवाल ये पैदा होता है कि क्या उनके जन्मदिन पर ईडी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर सकती । दूसरी बात जन्मदिन उनका था, आरोपियों का नहीं था और अगर आरोपियों का भी जन्मदिन होता तो क्या कार्यवाही नहीं होनी चाहिए थी ।

जब भी ईडी और सीबीआई विपक्षी नेताओं पर कार्यवाही करती है तो ये लोग इल्जाम लगाते हैं कि चुनाव आने वाले हैं, इसलिये कार्यवाही हो रही है । सवाल यह है कि क्या छत्तीसगढ़ मे चुनाव होने वाले हैं ? क्या महाराष्ट्र, झारखंड, यूपी और दिल्ली में भी चुनाव होने वाले हैं ? फिर कहते हैं कि 2024 के चुनाव होने वाले हैं, तो क्या ईडी और सीबीआई 2025 तक कुछ न करे । क्या 2025 में कोई चुनाव नहीं होंगे । ये कोरी बहानेबाजी है । बंगाल में बोरियों में भर-भर कर नोट निकल रहे थे लेकिन ममता बनर्जी और उनके साथी कहते हैं कि झूठी कार्यवाही हो रही है। पहली बात तो अदालत में साबित करो कि तुम लोग निर्दोष हो और ये बोरियों में नोट कहाँ से आ रहे हैं, ये भी बताना चाहिये । छत्तीसगढ़ की बात हो रही है लेकिन झारखंड में दो भाजपा नेताओं पर भी ईडी का छापा पड़ा है । इसके अलावा भी देश में 17 भाजपा नेताओं के खिलाफ ईडी जांच कर रही है ।ईडी कई बड़े-बड़े व्यापारियों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है, जोपहले नहीं होती थी । ये लोग भाजपा के सबसे बड़े समर्थक हैं, फिर क्यों सरकार इनके खिलाफ लगी हुई है । इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिये, जो निर्दोष होगा उसे अदालत छोड़ देगी और जो दोषी होगा, वो अदालत में मुकदमे का सामना करेगा और सजा भुगतेगा । बेशक विपक्ष सरकार पर भरोसा न करे लेकिन उसे न्यायपालिका पर भरोसा करना चाहिये । अगर सरकार उसके खिलाफ गलत कर रही है तो उसे अदालत जाने से किसी ने नहीं रोका है ।

नई टीम से मजबूत होगा कांग्रेस का जनाधार

कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के दस महीने बाद कांग्रेस कार्यसमिति (कांग्रेस वर्किंग कमेटी) की घोषणा कर दी है। नई कार्य समिति में कल 39 सदस्य बनाए गए हैं। वही 32 लोगों को स्थाई आमंत्रित सदस्य तथा 13 लोगों को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। जिनमें कांग्रेस के चारों अग्रिम संगठनों युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस और सेवादल के प्रमुखों को भी शामिल किया गया है। इस तरह कांग्रेस वर्किंग कमेटी से कुल 84 नेताओं को जोड़ा गया है। कार्य समिति में जहां वरिष्ठ नेताओं को तवज्जो दी गई है वही बड़ी संख्या में नए लोगों को भी शामिल किया गया है।

आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कार्य समिति के माध्यम से सभी को साधने का प्रयास किया गया है। कार्यसमिति में सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, एके एंथोनी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार, दिग्विजय सिंह, सलमान खुर्शिद, प्रियंका गांधी वाड्रा, मुकुल वासनिक, आनंद शर्मा, अजय माकन, जयराम रमेश, भंवर जितेंद्र सिंह, तारीक अनवर जैसे पुराने लोगों को जगह दी गई है। वही सचिन पायलट, दीपक बावरिया, जगदीश ठाकोर, गुलाम अहमद मीर, अविनाश पांडे, दीपादास मुंशी, गौरव गोगोई, कमलेश्वर पटेल, सैयद नासिर हुसैन, महेंद्रजीत सिंह मालवीय जैसे नए लोगों को भी शामिल किया गया है।

कार्य समिति में कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक, कुमारी शैलजा, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को प्रमुख दलित चेहरे के रूप में शामिल किया गया है। वहीं सलमान खुर्शीद, तारिक अनवर, गुलाम अहमद मीर, सैयद नासिर हुसैन मुस्लिम समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कार्य समिति में श्रीमती सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार, कुमारी शैलजा, दीपा दास मुंशी को बैतोर महिला सदस्य नई कार्यसमिति में शामिल किया गया है। वही श्रीमती प्रतिभा सिंह, मीनाक्षी नटराजन, फूलों देवी नेताम और रजनी पटेल को स्थाई आमंत्रित सदस्य तथा यशोमती ठाकुर, सुप्रिया श्रीनेत, परिणीति शिंदे और अलका लांबा कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल है। महिला कांग्रेस की प्रमुख नेट्टा डिसूजा पदेन सदस्य के रूप में शामिल की गई है। इस तरह है 84 सदस्यों की कार्यकारिणी में 15 महिला नेताओं को स्थान मिला है।

कांग्रेस की नवगठित वर्किंग कमेटी में आनंद शर्मा, शशि थरूर, मनीष तिवारी समेत जी-23 के कई ऐसे नेताओं को भी जगह मिली है जो कांग्रेस आलाकमान के कई निर्णय से नाराज चल रहे थे। इससे पार्टी कार्यकताओं में यह संदेश गया है कि पार्टी सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास कर रही है। यदि कोई पार्टी नेता पार्टी के किसी निर्णय से नाराज है तो भी पार्टी की मुख्य धारा में शामिल रहेगा। कांग्रेस कार्यसमिति से पार्टी के चारों मुख्यमंत्रियों को बाहर रखा गया है जबकि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता है और पिछले वर्ष उनका नाम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए तय हो गया था। यह पहला मौका है जब मुख्यमंत्रियों को कार्यसमिति में शामिल नहीं किया गया है। कांग्रेस ने उदयपुर में संपन्न हुए अपने चिंतन शिविर और रायपुर के महाधिवेशन में तय किया था कि पार्टी संगठन में सभी स्तर के पदों में से आधे पदों पर 50 साल से कम उम्र के नेताओं को पदाधिकारी बनाया जायेगा। मगर मौजूदा कार्यसमिति में वरिष्ठ नेताओं की संख्या अधिक है। फिर भी काफी संख्या में नए लोगों को पहली बार कार्य समिति में शामिल कर पार्टी ने नया नेतृत्व आगे लाने का एक सफल प्रयास किया है।नवगठित कार्यसमिति में लोकसभा से 9 व राज्यसभा से 14 सांसदों को भी शामिल किया गया है।

लोकसभा से श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, शशि थरूर व गौरव गोगोई को कांग्रेस कार्य समिति का सदस्य बनाया गया है। प्रतिभा सिंह, मनीष तिवारी को स्थाई आमंत्रित सदस्य व के सुरेश व मणिकम टैगोर को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। वहीं राज्यसभा से पार्टी अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम, मुकुल वासनिक, अभिषेक मनु सिंघवी, जयराम रमेश, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सैयद नासिर हुसैन, केसी वेणुगोपाल को कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है। दीपेंद्र सिंह हुड्डा, फूलों देवी नेताम, रजनी पटेल स्थाई आमंत्रित तथा राजीव शुक्ला विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए हैं।

कार्य समिति में शामिल 50 साल से कम उम्र के नेताओं में सचिन पायलट 46 वर्ष, गौरव गोगोई 43 वर्ष और कमलेश्वर पटेल 49 साल के हैं। स्थाई आमंत्रित सदस्यों में मानिकम टैगोर 48 वर्ष, दीपेंद्र हुड्डा 45 वर्ष, मीनाक्षी नटराजन 50 वर्ष और कन्हैया कुमार 36 वर्ष के हैं। वही विशेष आमंत्रित सदस्यों में महाराष्ट्र की पूर्व मंत्री यशोमती ठाकुर 49 वर्ष, पार्टी के सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्री नेत 46 वर्ष, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे की विधायक पुत्री परिणीति शिंदे 42 वर्ष, दिल्ली की पूर्व विधायक अलका लांबा 47 वर्ष, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीबी 41 वर्ष, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नेट्टा डिसूजा 48 वर्ष और एनएसयूआई के अध्यक्ष नीरज कुंदन 33 वर्ष के हैं। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी व राजस्थान से सचिन पायलट को राहुल गांधी की निकटता के चलते कार्य समिति में शामिल किया गया है। आने वाले समय में पंजाब में चरणजीत सिंह चन्नी व राजस्थान में सचिन पायलट बड़ी भूमिका निभाएंगे।

कुछ माह पूर्व कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश में संपन्न हुए विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस ने भारी बहुमत से सरकार बनाकर अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास कर दिया था। कर्नाटक व हिमाचल में भाजपा की सरकार चल रही थी जिसे हरा कर कांग्रेस ने सरकार बनाई थी।

विश्वस्तर पर गौ-सेवा के विशिष्ट व्यक्तित्व है- महामण्डलेश्वर कुशालगिरीजी महाराज

-डा. वीरेन्द्र भाटी मंगल

राजस्थान सहित देशभर के सोशल मीडिया पर एक संत के डायलॉग बहुत तेजी के साथ वायरल हो रहे है-ह्लधको देर बार काडह्ल ह्लआप कौन सी लैंग्वेज समझेंगे, ये बोलो, तंबू ने आग लगाते टेम कोनी लागे, श्रवण सेन.....ध्यान राखजे....ध्यान देना, दस सालों सूं थै काम करो, बॉस रो स्वभाव ठा कोनी कांई, उकसा रिया हो थे माने, सरीखे अनेक डायलॉग आज लोगों की जुबां पर छाये हुए है। इन डायलाग के प्रणेता है विश्व स्तरीय गौ-चिकित्सालय नागौर के संस्थापक, गौपालक, महामण्डलेश्वर स्वामी कुशालगिरीजी महाराज। अपने डायलाग, युवाओं में जबरदस्त क्रेज के चलते व विशिष्ट कार्यों के लिए हमेशा चर्चित रहने वाले यह संत गौ-सेवा व मानव सेवा के लिए समर्पित है। देश-भर में सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल इस संत के बारे में हर कोई जानना चाहता है। आखिर यह संत कौन है? उनका क्या व्यक्तित्व है।

नागौर से आठ किलोमीटर दूर जोधपुर मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 65 पर स्थित देश का सबसे बड़ा व प्रथम विश्वस्तरीय गौ-चिकित्सालय के माध्यम से स्वामी कुशालगिरी जी महाराज पांच हजार से भी अधिक गौवंश व अन्य प्राणियों की सेवा के लिए प्राण-प्रण से जुटे हुए है। बहुत कम समय तक स्कूली शिक्षा प्राप्त संत कुशाल गिरी महाराज एक मेधावी संत व प्रवचनकार है। इनके माता-पिता द्वारा बचपन से ही गौ-सेवा एवं धार्मिक गतिविधियों के कारण इनको संतों की संगति में रखा, जिसके कारण इन्होंने रामायण, महाभारत, गीता, पुराण आदि धर्म-शास्त्रों का गहन अध्ययन कर जीवन को गौ-माता की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। बजरंग व्यायाम के नाम से नागौर में वर्षों तक अखाड़ा चलाते रहे जिसमें मलयुद्ध से लेकर लाठी व अन्य अस्त्र-शस्त्र चलाने तक का प्रशिक्षण स्वयं देते थे। राममंदिर कार सेवा के दौरान 6 दिसंबर 1992 में कुशाल गिरी महाराज ने अयोध्या में सबसे कम उम्र के कार सेवक बनकर शामिल होकर कीर्तिमान स्थापित किया। कुशाल गिरी जी महाराज संस्कार, संस्कृति एवं अनेक धार्मिक संगठनों से भी निरन्तर जुड़े रहे। एक घटना के कारण स्वामी कुशालगिरी महाराज का सम्पूर्ण जीवन बदल गया। एक बार स्वामीजी को अपने कर्म क्षेत्र में गायों की तस्करी होने की सूचना मिली, जानकारी मिलते ही स्वामी जी ने अपने साथियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर कटने के लिए जा रही गायों को बड़ी बहादुरी के साथ बचाया। उस दिन के बाद स्वामी जी ने संकल्प ग्रहण किया कि अब से मेरा जीवन गौ-सेवा के लिए समर्पित रहेगा। इसके बाद इन्होंने गायों को बचाने व उनके संरक्षण का अभियान प्रारम्भ कर दिया, हजारों गायों को कटने से बचाने के कारण गौ-सेवक के रूप में चर्चित व्यक्ति बन गये। इसके बाद स्वामी जी ने गौशाला के माध्यम से कमजोर, पीड़ित विशेषकर दुर्घटना में घायल गौ की सेवा करने का बीड़ा उठा लिया। स्वामी जी के इस कार्य को देखते हुए लोगों ने भरपूर सहयोग प्रदान किया।

बॉस के नाम से सुप्रसिद्ध स्वामी कुशालगिरी महाराज अपने डायलाग व दबंग छवि के कारण आम जन-मानस सहित युवाओं के बीच अपनी विशिष्ठि पहचान रखते है।

हाथी क्यों नहीं बनाना चाहता किसी का साथी ?

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जहां सत्ताधारी पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन एनडीए का कुनबा बढ़ता जा रहा है और एनडीए गठबंधन मिशन-24 से पहले अपने को मजबूत करने में जुटा हुआ है, वहीं इस चुनाव में सभी दलों की नजरें लोकसभा की सबसे अधिक सीटों वाले सूबे उत्तर प्रदेश पर बनी हुई हैं। जहां उत्तरप्रदेश में भाजपा मिशन 80 के तहत काम करने में लगी हुई है तो वहीं समाजवादी पार्टी ने भी अपने पूरी ताकत लगा दी है। इसी बीच प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती जिनकी निशानी हाथी है, ने साफ कर दिया है कि वह इस लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेंगी।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने हाल ही में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके एलान किया कि बसपा 2024 के लोकसभा चुनाव में किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेंगी । बसपा सुप्रीमो मायावती ने दावा किया है कि- "बसपा को उत्तरप्रदेश में गठबंधन कर-के लाभ के बजाय नुकसान ज्यादा उठाना पड़ा है क्योंकि बसपा का वोट स्पष्ट तौर पर गठबंधन वाली दूसरी पार्टी को ट्रांसफर हो जाता है किंतु दूसरी पार्टियां अपना वोट बसपा उम्मीदवारों को ट्रांसफर कराने की न सही नीयत रखती हैं और न ही क्षमता जिससे अन्ततः पार्टी के लोगों का मनोबल प्रभावित होता है। इस कारण बसपा सत्ता व विपक्ष दोनों गठबंधनों से अलग व दूर रहती है।"

वहीं मायावती ने एनडीए और इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि एनडीए और विपक्षी गठबंधन अगले लोकसभा चुनाव में जीत के दावे कर रहा है हालांकि इन दोंनों के ज्यादातर वादे सत्ता में आने के बाद खोखले ही साबित हुए हैं। इसके साथ ही मायावती ने बसपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया है। इसके साथ ही उन्होंने साफ निर्देश दिया है कि उम्मीदवारों के चयन में खास सावधानी बरती जाए।

पुराना इतिहास खंगाला जाय तो पहली बार 1993 के विधानसभा चुनावों में बहुजन समाजवादी पार्टी ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। 422 सीटों पर चुनाव हुए थे, जिसमें सिर्फ 164 सीटों पर लड़कर बसपा ने 67 सीटें जीती थीं। जबकि, उसे कुल मिलाकर 11.12% ही वोट मिले थे। इस तरह से 1991 की 12 सीटों के मुकाबले वह पांच गुना से ज्यादा सीटें जीती और उसे करीब 2% वोट भी ज्यादा मिले। दूसरी बार फिर 1996 में कांग्रेस के साथ गठबंधन किया। पार्टी 296 सीटों पर लड़ी और उसकी 67 सीटें कायम रहीं लेकिन बसपा का वोट शेयर बढ़कर 19.64% हो गया। तीसरी बार मायावती की पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनावों में सारे मतभेद भुलाकर मुलायम सिंह यादव की पार्टी सपा के साथ फिर से गठबंधन में चुनाव लड़ा। पार्टी 10 सीटें जीत गई और अखिलेश यादव की पार्टी को 5 सीटें ही मिलीं जितनी 2014 में मिली थी। बसपा का वोट शेयर भी ज्यादा रहा।

1996 में पंजाब में शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ी। बसपा ने पंजाब की तीन लोकसभा सीटें जीती थी तो अकाली दल 8 सीटें हासिल कर सकी। इस तरह पंजाब में गठबंधन करना बसपा के लिए फायदेमंद रहा। 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में शिरोमणि अकाली दल के साथ मिलकर चुनाव लड़ी। इस चुनाव में बसपा के एक उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। पंजाब में 26 साल के बाद कहीं जाकर बसपा को जीत मिली।2018 में छत्तीसगढ़ में अजीत जोगी की पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ी तो कर्नाटक में जेडीएस के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ा। छत्तीसगढ़ में बसपा के दो विधायक और कर्नाटक में एक विधायक जीतने में सफल रही थी। इसके बाद 2020 में बिहार विधानसभा चुनाव में बसपा ने छोटे-छोटे दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था जिसमें भी एक विधायक जीतने में सफल रहा।

गठबंधन के बिना क्या हुआ? इसको देखें तो 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा अकेले दम पर लड़ी थी और एक भी सीट नहीं जीत सकी थी। 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद मायावती ने फिर से समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन तोड़ लिया। 2022 विधानसभा चुनावों में बसपा ने फिर से अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया। सभी 403 सीटों पर उम्मीदवार उतारे। सिर्फ 1 सीट जीती और 287 पर जमानतें जब्त हो गईं।

अब सवाल यह आता है कि क्यों अकेले चुनाव लड़ना चाहती हैं मायावती? इस तरह से साफ है कि गठबंधन में चुनाव लड़ने से बसपा को फायदा नहीं मिलने का मायावती के दावे में पूरी दम नहीं लग रहा है। फिर वह एनडीए या इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहती हैं, इसकी क्या वजह हो सकती है? जानकारों की मानें तो उत्तर प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक माहौल में बसपा सुप्रीमो गठबंधन की राजनीति के लिए मोल-भाव करने की ताकत नहीं जुटा पा रही हैं क्योंकि 2022 में उनकी पार्टी का प्रदर्शन बहुत ही खराब रहा है। दरअसल, मायावती अपनी लाइन तय करने वाली नेता हैं लेकिन, इस समय वह समाजवादी पार्टी के रहते न तो इंडिया गठबंधन में उतनी प्रभावी भूमिका निभा पाएंगी और न ही एनडीए में जाकर वह अपनी पार्टी की राजनीतिक हैसियत के अनुसार सीटों की मांग रख सकती हैं हालांकि अभी भी कांग्रेस और आरएलडी के साथ बसपा के तालमेल की चचाएं खत्म नहीं हुई हैं।

दरअसल मायावती दूसरे दलों के नेता की तरह नहीं है कि वो गठबंधन में शामिल होकर सिर्फ सीट लेकर चुनाव लड़ जाएं। मायावती किसी भी गठबंधन का हिस्सा तभी बनेंगी, जब उन्हें अहम रोल में रखा जाए। विपक्षी गठबंधन इंडिया का समाजवादी पार्ट

चंद्रयान-3 लैंडिंग का प्रसारण देख खुश हुए बच्चे

विश्व में भारत का बढ़ा गौरव -मऊ में भी एबीएसए के निर्देश पर बच्चों ने देखा प्रसारण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। शासन के निर्देश पर इतिहास में पहली बार चंद्रयान की सफल लैंडिंग का सीधा प्रसारण देखने को शाम को जिले के सभी स्कूल-कॉलेज खुले रहे। सभी शिक्षक और बच्चों ने सीधा प्रसारण देखा। प्रधानमंत्री समेत सभी वैज्ञानिकों को बधाई दी है।

बुधवार की शाम मऊ तहसील के बीआरसी सभागार में खंड शिक्षाधिकारी केडी पाण्डेय के आदेश पर अहिरी प्राथमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक शारदेन्दु शुक्ला, शिक्षक रमेश पाण्डेय, शान्ति देवी व पूमावि के छत्रपाल सिंह, शीतल सिंह तथा बीआरसी के स्टाफ पंकज, मयंक, दिलीप, राकेश आदि की अगुवाई में बच्चों ने चंद्रयान की लैंडिंग का सीधा प्रसारण देखा।

प्रसारण देखकर सभी ने देशी के वैज्ञानिकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिहारा, प्राथमिक विद्यालय बरमपुर, प्राथमिक विद्यालय बिहारा भाग 1 भाग 2 में सभी बच्चों को चंद्रयान की लैंडिंग का आंखों देखा प्रसारण दिखाया गया।

इस मौके पर प्रधानाध्यापिका ऊषा रानी त्रिपाठी, रचना यादव, विद्यासागर सिंह, सरल सिंह, गीतांजलि देवी, सुनीता देवी, गरिमा सिंह, सोनू गौतम, ममता देवी, रंजन चंदेल, दीपा देवी, सियाराम सिंह, राममिलन कुशवाहा, चंद्रशेखर सिंह, रामबाबू प्रजापति, राजा भैया कुशवाहा, उपेंद्र शर्मा, रसोईया उषा देवी, रुकमणी, नीलम देवी व बच्चे मौजूद रहे।

वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक पुनीत ने चन्द्रयान-3 के चन्द्रमा की सतह दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने पर अपार खुशी जतायी। उन्होंने देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि देश के वैज्ञानिकों, अभियंताओं की अथक साधना के नतीजतन विश्व में भारत का गौरव बढ़ा है।

जिला संघचालक श्यामसुंदर और कार्यवाहक अतुल ने भारत की अद्वितीय सफलता पर हर्ष जताया। जिले के व्यवस्था प्रमुख सुरेश ने कहा कि असफलता-सफलता का पहला कदम होती है। महान साम्राज्य का निर्माण एक दिन में नहीं होता, वैज्ञानिकों, अभियन्ताओं के साथ हर भारतीय का बल एवं आत्मीयता जुड़कर अद्भुत आत्मविश्वास बनाते हैं। इसी आत्मविश्वास के नतीजतन चन्द्रयान-3 की सफलता के रुप में विश्व प्रतिष्ठित हुआ है। इस मौके पर नगर प्रचारक दीपेन्द्र, भालेन्दु शाखा के निशान्त, पवन, अशोक सभी स्वयंसेवकों ने समूचे चन्द्रयान-3 मिशन समूह पर जिला एवं देशवासियों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर प्रान्त की ओर से बधाई दी।

यातायात पुलिस की जरूरत मुताबिक है कार्यालय: एसपी

एसपी ने किया कार्यालय का शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कालूपुर स्थित क्षेत्राधिकारी कार्यालय परिसर में नवीन यातायात पुलिस कार्यालय का पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने फीता काटकर शुभारम्भ किया।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने नये यातायात कार्यालय का शुभारम्भ कर निरीक्षण किया। कहा कि इसे यातायात पुलिस की जरूरत के हिसाब से बनाया गया है। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस अधीकारी, कर्मचारी व लोगो से संवाद किया। पुलिस अधीक्षक ने यातायात पुलिस कर्मियों से यातायात नियमों के बारे में जानकारी ली। कम्प्यूटर कक्ष, मालखाना व रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया। कार्यालय भवन को यातायात पुलिस कार्यालय के लिए उपयुक्त बताया। पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय परिसर में हरियाली को बढ़ावा देने को कैम्पस में लगे पौधों को बड़ा होने तक देखरेख करने को कहा। इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ लाइन/यातायात शीतला प्रसाद पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, यातायात प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल, दरोगा धर्मेश त्रिपाठी समेत यातायात सिपाही आदि मौजूद रहे।

सर्वेयर बुलाकर सर्वे करा दें एनओसी: डीएम

खनिज फाउंडेशन न्यास निधि, मंजूर कार्यों की हुई समीक्षा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि एवं मंजूर कार्यों की प्रगति समीक्षा में खनन पट्टा धारकों से कहा कि डीएमएफ की बकाया धनराशि जो शेष है, दस सितंबर तक जमा कर दें। जिला खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि पट्टाधारकों ने दस सितम्बर तक पैसा जमा न किया तो उनके खिलाफ आरसी जारी कर वसूली कराई जाए।

शुक्रवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी को जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने बताया कि खनन पट्टा के गाटा संख्या 1078 में नौ पट्टा एवं गाटा संख्या 2434 के 23 पट्टा की एनओसी वन विभाग नहीं दे रहा है। इससे पट्टा आवंटन नहीं हो सका। जिलाधिकारी ने उप वनाधिकारी हरिशंकर सिंह को निर्देश दिए कि सर्वेयर को बुलाकर पट्टा क्षेत्र का सर्वे कराकर एनओसी दी जाए। जिलाधिकारी ने डीएमएफ से मंजूर कार्यों की समीक्षा कर एडीएम से कहा कि जो कार्य पूरे हो गए हैं, एक कमेटी गठित कर गुणवत्ता की जांच करायें। जितनी धनराशि कार्यों को दी गई थी, उसका उपभोग प्रमाण पत्र लेकर दूसरी किस्त दी जाये। क्षेत्रीय प्रबंधक उप्र लघु उद्योग निगम बांदा ने बताया कि जिले में 80 परिषदीय विद्यालयों में सोलर प्लांट एवं आरो सिस्टम लगाने का कार्य शुरू हो रहा है। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए कि सोलर प्लांट में जाली भी लगाई जाए। एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ ने बताया कि विशेष मरम्मत से नवीनीकरण के कार्य में उदघटा संपर्क मार्ग को छोड़कर सभी कार्य पूरे हो गए हैं। गोंडा में सीसी संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य पूरा हो गया है, नाली निर्माण हो रही है। जिलाधिकारी ने एक्सईएन से कहा कि दूसरी किस्त का मांग पत्र भेजा जाए, ताकि कार्य पूरे करने को धनराशि दी जा सके। जिलाधिकारी ने जिला खनिज अधिकारी से कहा कि डीएमएफ फंड से और जो नए कार्य होने हैं, संबंधित विभागों से प्रस्ताव लेकर धनराशि देने की कार्यवाही करें।

बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम कर्वी राजबहादुर, एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, उप वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

बैंकों से लौटाये आवेदनों की करायें जांच: डीएम

डीएम ने जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की ली बैठक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में अधिकारियों-व्यापारियों, उद्यमियों से कहा कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं में हिस्सा लेकर लाभ लें। बैंक अधिकारियों से कहा कि उद्यमियों को सहयोग करें, ताकि उद्यमी आगे बढ़ सकें और जिले का विकास हो सके।

शुक्रवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बैंको को भी बिजनेस चाहिए। एक-दूसरे को सपोर्ट करें, तभी छोटे उद्यमी बड़े उद्यमी बनेंगे। सरकार ने कई बड़े-बड़े उद्योग लगाये जा रहे हैं, उद्योगों को बढ़ावा देकर लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने उपायुक्त जिला उद्योग से कहा कि जो उद्यमी उद्योग लगाने को जिस स्थान पर उद्योग लगाना चाहते हैं, उस क्षेत्र के बैंक में आवेदन मंजूर करायें, ताकि बैंकों को भी कोई समस्या न हो। एक कमेटी बनायें, जो आवेदन बैंकों से आपत्ति लगाकर लौटाये जाते हैं, जांच कराई जाए। एक जिला एक उत्पाद में प्रगति करायें।

अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम को निर्देश दिए कि सभी बैंकों को पत्र जारी कर मुद्रा योजना के आवेदन में मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना में शामिल कर लाभ दिलायें। अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि मैसर्स एमबीएम मोटर्स बरगढ़ की विद्युत आपूर्ति ग्रामीण की जगह कंपनी को इंडस्ट्रियल में दी जाये। शासन से पत्राचार कर व्यवस्था करायें। कुछ व्यापारियों ने कर्वी शहर में विद्युत समस्या बताई, निरीक्षण कराकर जहां तार ढीले हैं, ठीक करायें।

खुले विद्युत बॉक्स को बंद करायें। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक से कहा कि बैंकों के कानूनी सलाहकार की फीस निर्धारित करें, ताकि उद्यमी योजनाओं का लाभ लेने को परेशान न हों। उप वनाधिकारी से कहा कि एक जिला एक उत्पाद के तहत लकड़ी के खिलौने बनाने को उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र से तालमेल कर लकड़ी की व्यवस्था करायें। उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र से कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लागू है। उसमें संबंधित विभागों, उद्यमियों, व्यापारियों की कार्यशाला में जानकारी दें।

बैठक में सीओ सिटी हर्ष पांडेय, अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केसरवानी, अधिशासी अभियंता विद्युत आरएस वर्मा, जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, डीसी आर्यावर्त बैंक सियाराम द्विवेदी, परियोजना अधिकारी नेडा एके श्रीवास्तव, उप वनाधिकारी हरिशंकर सिंह समेत संबंधित अधिकारी एवं डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ओम केसरवानी, गुलाबचंद्र गुप्ता, राहुल गुप्ता, अंकित पहाड़िया, फूलचंद कुशवाहा, अरुण गुप्ता, धीरज द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

रंगोली-सेल्फी से 38वें नेत्रदान पखवाड़े का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। परमहंस संत रणछोड़ दास महाराज के कर कमलों से स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट एवं विश्वख्याति सदगुरू नेत्र चिकित्सालय में 38वें नेत्रदान पखवाड़े का शुभारंभ हुआ।

शुक्रवार को शुभारंभ पर रंगोली प्रतियोगिता में ट्रस्ट से संचालित सभी विद्यालयों की छात्राओं, चिकित्सकों एवं स्टॉफ की महिलाओं ने हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता में सात टीमों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सभी को बैच लगाकर चिकित्सालय में बने सेल्फी प्वाइंट पर लोगो ने सेल्फी लेकर नेत्रदान की शपथ ली। ये नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से आठ सितम्बर तक चलेगा। अलग-अलग दिनों में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। नेत्रदान के प्रति लोगों में जागरूकता लाने को नेत्रदान जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, हस्ताक्षर अभियान, विद्यालयों में भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता आदि होंगे।

ट्रस्ट के ट्रस्टी डा ईलेश जैन, डा आलोक सेन, डा प्रधन्या सेन, डा गौतम सिंह परमार, डा राजेश जोशी, डा राकेश शाक्या, डा नरेंद्र पाटीदार, डा एबीएस राजपूत एवं डा अशोक समेत स्टाफ मौजूद रहा।

हर क्षेत्र में व्यापारी पहले नम्बर पर देता है योगदान: गणेश केशरवानी

विशेष अंधभक्ति से बचें व्यापारी: सुशील कक्का

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। देर शाम वृंदावन गार्डन में प्रभास महासभा ने व्यापारी जागृति सम्मेलन प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता वरिष्ठ व्यापारी नेता सुशील गुप्ता कक्का ने की। वरिष्ठ भाजपा नेता विदुप अग्रहरि, नरैनी के पूर्व चेयरमैन राकेश चैरसिया, व्यापारी नेता महेश केसरवानी, श्याम गुप्ता, छिवलहा प्रधान देवस्वरूप केसरवानी, प्रभास महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक अनिमेष कुमार गुप्ता, प्रदेश संरक्षक लक्ष्मी प्रसाद केसरवानी, नीरू गुप्ता एड, पूर्व सांसद प्रतिनिधि शारदा अग्रहरि, जगदीश गुप्ता, विजय गुप्ता एवं युवा व्यापारी नेता अजय केसरवानी विशिष्ट अतिथि के बतौर मौजूद रहे।

सम्मेलन में प्रभास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग, राष्ट्रीय महासचिव साधना मिश्रा, राष्ट्रीय प्रभारी रोहित कश्यप, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदकिशोर, राष्ट्रीय सचिव लवकुश केसरवानी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विष्णु कुमार अग्रहरी समेत सैकड़ो व्यापारियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन का संचालन प्रभास महासभा के राष्ट्रीय समन्वयक शुभम केशरवानी ने किया। सम्मेलन में मौजूद व्यापारियों से मुख्य अतिथि प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक क्षेत्र में योगदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि मेडिकल क्षेत्र हो या इंजीनियरिंग क्षेत्र हो या राजनीति क्षेत्र हो व्यापारी समाज हमेशा से पहले स्थान पर रहा है। देश में चाहे धार्मिक कार्य हो या सामाजिक कार्य हो, व्यापारी समाज प्रत्येक कार्य में सबसे अधिक योगदान देता है। देशहित के प्रत्येक अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है। राष्ट्र के सामने अर्थ संकट आने पर व्यापारी समाज सबसे पहले अपना हाथ बढ़ाता है। सभी व्यापारियों की वास्तविक पहचान है, इसे हमेशा बनाए रखें। पूर्वजों के गौरवशाली इतिहास को याद कर वर्तमान की दशा में चुनौतियों से लड़ने को हमेशा तैयार रहें। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद भाजपा नेता/उद्योगपति विदुप अग्रहरि ने वर्तमान में भाजपा सरकार को व्यापारियों की हितैषी बताया। सरकार में व्यापारी सबसे अधिक सुरक्षित है। सुरक्षा-शांति के माहौल में सभी व्यापारियों को भविष्य को मजबूत करना चाहिए। सभी व्यापारियों में एकता और समर्पण का भाव पैदा करने को ऐसे आयोजन होने चाहिए। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ व्यापारी नेता सुशील गुप्ता कक्का ने कहा कि चित्रकूट-बांदा लंबे समय तक दस्यु प्रभावित रहा है। यहां के व्यापारियों के सामने असुरक्षा की भावना रहती थी। व्यापारियों की एकता, संघर्ष के नतीजतन व्यापारी हर शोषण-उत्पीड़न के विरुद्ध ताकत से लड़ने को तैयार रहता है। प्रभास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग ने कहा कि व्यापारी जागृति सम्मेलन के उद्देश्य, दूरगामी परिणाम के बारे में बताया। कहा कि व्यापारी समाज को ईमानदार एवं मजबूत नेतृत्व का चयन करना चाहिए, जो दुख-सुख में काम आ सके। व्यापारी समाज को किसी संगठन विशेष पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, क्योंकि व्यापारी समाज खुद में एक संगठन है। सभी व्यापारियों को विशेष अंधभक्ति से बचना चाहिए, क्योंकि व्यापारी समाज का उत्थान गुटबाजी से संभव नहीं है। अंत में प्रभास महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक अनिमेष कुमार गुप्ता ने अतिथियों का आभार जताया।

बारिश में खुल गई कायाकल्प की पोल, एक ही ब्लॉक में जमे सचिवों का कब होगा तबादला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों के नाम पर जिले में तैनात सचिव मनमानी करते दिख रहे हैं। ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में ठेकेदारों व सचिवों की मिलीभगत से सरकारी धन का मनमानी ढंग से बंदरबाट हो रहा है।

शुक्रवार को जिले के सभी ब्लाकों में तैनात सचिवों का खुलासा हुआ। बताया गया कि कई वर्षों से एक ही ब्लॉक में जमे सचिव शासन के निदेर्शों की अनदेखी कर मनमानी कर रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी भी इनकी मनमानी के आगे बेबस नजर आ रहे हैं। ब्लाकों में ठेकेदारी प्रथा से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में धांधली की जांच से जिम्मेदार घबराते हैं। इसकी वजह कमीशनखोरी बताई जा रही है। कायाकल्प योजना से विद्यालयों के मरम्मतीकरण के नाम पर बड़ा खेल हुआ है। विद्यालयों में छत मरम्मत, इंटरलॉकिंग, खडंजा निर्माण, टाइल्स कार्य, वाल पेंटिंग व रंगाई-पुताई के नाम पर सरकारी धन में बंदरबाट हुआ है। कायाकल्प की पोल बारिश में खुल गई। वर्षों से एक ही ब्लॉक में जमे सचिवों का अन्य ब्लाकों में कब तबादला होगा।

पैर फिसलने से नदी में गिरने से दो छात्राओं की हुई मृत्यु

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मऊ तहसील के कोलमजरा गांव की दो छात्राओं की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

ये हादसा गुरुवार की शाम नदी में हुआ। बताया गया कि छात्रायें स्कूल से पढ़कर घर गईं। शाम को नदी किनारे से होकर खेत जा रही थी, तभी पैर फिसलने से दोनों नदी में डूब गई। डूबने से दोनों की मृत्यु हो गई। काफी देर पर परिजन इधर-उधर ढूंढते रहे। नदी में देखा तो दोनों मृत अवस्था में मिलीं। कक्षा दो में पढने वाली छात्रा अंजनी पुत्री धर्मेंद्र कुमार व रेनू पुत्री सुरेश कुमार कोलमजरा गांव की नदी में पैर फिसलने से गहरे पानी में डूब गईं थीं। विद्यालय में अध्यापक समेत छात्र-छात्राओं ने गहरा शोक जताया है। इस बाबत बरगढ़ थाना प्रभारी अंजनी कुमार ने बताया कि दोनों छात्राओं की पानी से डूबने से मृत्यु हुई है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा जा रहा है।

बीडीओ की गैरहाजिरी में मनरेगा में हुए लाखों के भुगतान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ रही है। विकास कार्यों के नाम पर कहीं भ्रष्टाचार हो रहा है तो कहीं बिना कार्य के भुगतान हो रहे हैं।

शुक्रवार को मनरेगा में भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ। बताया गया कि खण्ड विकास अधिकारी की गैरहाजिरी में लाखों का भुगतान हुआ है। मऊ ब्लाक में बीडीओ की गैरहाजिरी में मनरेगा योजना से लाखों का भुगतान दौरान खण्ड विकास अधिकारी छुट्टी पर थे तो कैसे भुगतान हो गया। सूत्रों ने बताया कि उपायुक्त श्रम एवं रोजगार ने बड़ा खेल किया है। डीसी मनरेगा के आगे सरकारी निर्देश फेल हो रहे हैं।

किशोरी से दुष्कर्म आरोपी को बीस साल की सजा, विशेष न्यायधीश ने सुनाया फैसला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। रिश्तेदारों के गांव की नाबालिक लड़की को घर से भगा ले जाने और दुष्कर्म मामले में दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने आरोपी को बीस वर्ष की सजा समेत 52 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है। शुक्रवार को विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि सितंबर 2022 में राजापुर थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री को 18 सितंबर 2022 को बांदा जिले के अतर्रा थाने के रसपाल पुरवा निवासी ध्यान सिंह पुत्र घनश्याम सिंह भगा ले गया था। आरोपी अपने रिश्तेदारों के यहां आता-जाता था। आरोपी ने उसकी बेटी से जान-पहचान बना ली थी। इस बात की जानकारी आरोपी के रिश्तेदारों को भी नहीं थी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। पीड़िता का डॉक्टरी परीक्षण कराकर बयान दर्ज कराए थे। इस मामले में दुष्कर्म की धारा बढ़ाते हुए आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। बचाव एवं अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पांडेय ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। दोष सिद्ध होने पर आरोपी ध्यान सिंह को बीस वर्ष की सजा समेत 52 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है। जुमार्ना की धनराशि से पचास फीसदी पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

चोरी के चारपहिया वाहन समेत तीन चोर दबोचे, मऊ पुलिस को मिली सफलता

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में निरीक्षक अपराध अभयराज सिंह की टीम ने वाहन चोरी का खुलासा कर तीन लोगों को दबोचा है।

शुक्रवार को मऊ थाना प्रभारी राजेश द्विवेदी ने बताया कि थाने में दर्ज वाहन चोरी के मामले में तीन लोगों को दबोचकर बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारायें बढायी गई हैं। 12 अप्रैल 2023 की रात में आरजू जयसवाल पुत्र मानिकलाल निवासी स्वतंत्रा सेनानी कस्बा मऊ के घर के सामने से चारपहिया वाहन चोरी हो गया था। अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। चोरी गये वाहन की बरामदगी बाबत पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना मऊ पुलिस सुरागरसी कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने चोरी गये चारपहिया वाहन को अशोक चैराहा नहर पुलिया से सूरजी पुरवा नहर रोड जाने वाली सड़क पर तीन लोगों को फर्जी नम्बर प्लेट बदलकर बेचने का प्रयास करते आज दबोचा है। दबोचे गये दीपक कुमार उर्फ भोलू द्विवेदी पुत्र चंद्र प्रकाश निवासी शिवपुर तिराहा कस्बा मऊ, प्रिंस जायसवाल उर्फ प्रिंस पुत्र अनिल जायसवाल निवासी शिवपुर तिराहा कस्बा मऊ व कंचनलाल निषाद पुत्र देशराज निषाद निवासी कोटरा खंभा है। टीम में निरीक्षक अपराध अभयराज सिंह, दरोगा इंद्रजीत गौतम, सिपाही राहुल पांडेय, रणवीर सिंह व संदीप यादव शामिल रहे।

साढे 35 किलो गांजा समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा दिनेश चन्द्र पाण्डेय की टीम ने मातादीन पुत्र रामसेवक यादव निवासी अरछा बरेठी के कब्जे से साढे 35 किलो हरा गांजा व एक किलो सौ ग्राम सूखा गांजा समेत दबोचा है। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्जकर जेल भेजा है। टीम में दरोगा दिनेश पाण्डेय, दरोगा शिवमणि मिश्रा, दीवान अरविन्द सोनी, सिपाही राहुल पुरी, लालू यादव, दिनेश यादव शामिल रहे।

पीएम मोदी ने प्रमुख वैज्ञानिकों से की मुलाकात, रोग जांच और ऊर्जा के भविष्य पर किया विचार-विमर्श

जोहान्सबर्ग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका में एक मशहूर आनुवांशिकी विज्ञानी और रॉकेट विज्ञानी से मुलाकात की और बीमारी की जांच एवं ऊर्जा के भविष्य पर स्थायी समाधान खोजने के लिए उनके साथ विचार-विमर्श किया। तीन दिवसीय यात्रा पर दक्षिण अफ्रीका गए पीएम मोदी ने 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया और भारत के संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक्स पर पोस्ट किया, पीएम मोदी ने दक्षिण अफ्रीकी आनुवांशिकी विज्ञानी और एकेडमी ऑफ साइंस ऑफ साउथ अफ्रीका की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ हिमला सूदयाल के साथ गहन चर्चा की। बागची ने कहा कि दोनों ने मानव आनुवांशिकी और रोगों की जांच में उनके अनुप्रयोगों पर चर्चा की। प्रधामनंत्री ने सूदयाल को आनुवांशिकी के क्षेत्र में भारतीय संस्थानों के साथ तालमेल स्थापित करने का न्यौता दिया। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, दक्षिण अफ्रीका की मशहूर आनुवांशिकी विज्ञानी डॉ. हिमला के साथ रोचक बातचीत हुई। उन्होंने अपने कामकाज और विज्ञान एवं नवोन्मेष के प्रति अपने जज्बे के बारे में बात की। प्रधानमंत्री ने रॉकेट विज्ञानी एवं गैलेटिक इनर्जी वेंचर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सियाबुलेला शुजा (Siyabulela Xuza) के साथ भी बातचीत की। उन्होंने एक्स पर लिखा, बातचीत के दौरान सियाबुलेला शुजा ने खासकर ग्लोबल साउथ में सतत विकास और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति अपने झुकाव के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने अपने नवोन्मेष और विज्ञान एवं अंतरिक्ष के प्रति अपने जज्बे की भी चर्चा की। शुजा ने भारत के चंद्र मिशन चंद्रयान -3 की सफलता पर पीएम मोदी को बधाई दी। भारत का चंद्रयान-3 बुधवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला अंतरिक्ष मिशन बन गया।

'पूरी मानवता के लिए ऐतिहासिक पल', चंद्रयान की सफलता पर यूएन में भारतीय मिशन ने मनाई खुशी

वाशिंगटन। चंद्रयान-3 की सफलता से भारत ने इतिहास रच दिया है, जिससे पूरे देश में खुशी का माहौल है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने भी चंद्रयान-3 की सफलता की खुशी मनाई। इस दौरान विभिन्न देशों के मिशन के अधिकारी-कर्मचारी भी भारत के स्थायी मिशन पहुंचे और भारत की खुशी में शामिल हुए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने बाद में सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सभी सहयोगियों और विभिन्न देशों के मिशन को आभार जताया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने इसम मौके पर कहा कि 'भारत के चंद्रयान- मिशन का लैंडर विक्रम सफलतापूर्वक चांद की सतह पर उतर गया है। यह इसलिए भी खास है क्योंकि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर अभी तक कोई देश नहीं पहुंचा है, यह हमारे वैज्ञानिकों का समर्पण और उनकी प्रतिभा है।' रुचिरा कंबोज ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन से ना सिर्फ भारत चांद पर पहुंचा है बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का भी प्रतीक है। बता दें कि चंद्रयान-3 मिशन के तहत भेजे गए लैंडर विक्रम ने बुधवार को चांद की सतह पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की। लैंडर के साथ गए रोवर प्रज्ञान भी चांद की सतह पर उतरा है। इसके साथ ही भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद दुनिया का चौथा देश बन गया है, जो सफलतापूर्वक चांद की सतह पर उतरा। लैंडर विक्रम की चांद पर लैंडिंग की पूरे देश के स्कूलों और साइंस सेंटर्स में स्पेशल स्क्रीनिंग की गई।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन: ब्रिक्स ने उठाई सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग, आतंक के विरुद्ध भी एकजुट

जोहानिसबर्ग। ब्रिक्स समूह ने अपने साझा बयान में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधारों की मांग उठाई और भारत, ब्राजील एवं दक्षिण अफ्रीका जैसे उभरते और विकासशील देशों की आकांक्षाओं को समर्थन देने का वादा दोहराया। जारी बयान में कहा गया कि हम सुरक्षा परिषद समेत संयुक्त राष्ट्र में समग्र सुधार का समर्थन करते हैं। यूएनएससी को ज्यादा लोकतांत्रिक, ज्यादा प्रतिनिधित्व वाला, प्रभावी और दक्ष बनाने के लिए इसमें सुधार करना और विकासशील देशों को इसका सदस्य बनाना जरूरी है। ऐसा करने से यह वर्तमान वैश्विक चुनौतियों के प्रति बेहतर प्रतिक्रिया दे पाएगा। साथ ही दक्षिण अफ्रीका, भारत और ब्राजील जैसे अफ्रीका, एशिया व लैटिन अमेरिका के देशों की अंतरराष्ट्रीय विषयों पर ज्यादा बड़ी भूमिका निभाने में मदद कर पाएगा। ब्रिक्स ने बयान में किसी के भी द्वारा, कहीं भी अंजाम दिए गए हर तरह के आतंकवाद कड़ी निंदा की गई है। इसमें कहा गया है, हम आतंकवाद और कट्टरवाद को मदद देने वाले उग्रवाद के खतरे को पहचानते हैं। हम आतंकियों की सीमा पार आवाजाही, उसके वित्तपोषण नेटवर्क और सुरक्षित पनाहगाहों सहित आतंक के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों का मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

नेपाल के जमीन घोटाला के 238 आरोपितों से 9179 करोड़ रुपये वसूलने की सीआईबी ने कोर्ट में दी अर्जी

काठमांडू। नेपाल के चर्चित ललिता निवास जमीन घोटाले में केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने 238 आरोपितों से 9179 करोड़ रुपये वसूलने की अर्जी कोर्ट में दी है। करीब तीन महीने की जांच के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करते हुए सीआईबी ने यह मांग की है।

सीआईबी ने 700 पन्नों की चार्जशीट में कुल 286 लोगों को आरोपी बनाया है। इनमें 238 आरोपितों से यह रकम वसूलने की मांग की है। इस चार्जशीट में पूर्व उप प्रधानमंत्री, कई मंत्री, सरकार के पूर्व सचिव सहित कई व्यापारिक घरानों के लोग शामिल हैं। सीआईबी ने इस जमीन घोटाले में दो पूर्व प्रधानमंत्री और पूर्व मुख्य सचिव को सरकारी गवाह बनाया है।

अदालत में दाखिल किए गए चार्जशीट के मुताबिक सबसे अधिक जुर्माना जमीन घोटाले में बिचौलिया का काम करने वाले तीन व्यापारियों पर लगाया गया है। सीआईबी ने इस पूरे घोटाले में शोभाकान्त ढकाल, राम कुमार सुवेदी और मीन बहादुर गुरूंग को मुख्य योजनाकार बताते हुए सबसे अधिक करीब 1859 करोड़ रुपये वसूलने की मांग की है। इनमें ढकाल और सुबेदी से प्रति व्यक्ति 684 करोड़ रुपये जबकि गुरूंग से 491 करोड़ रुपये वसूलने की मांग की गई है। इसी तरह पूर्व उप प्रधानमंत्री बिजय कुमार गच्छदार, पूर्व मंत्री डम्बर श्रेष्ठ और संजय साह से प्रति व्यक्ति 10.51 करोड़ रुपये वसूलने की मांग की

गई है। पूर्व मंत्री चन्द्र देव जोशी पर 63.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने की बात का चार्जशीट में उल्लेख है। जुर्माने के अलावा इन सभी मंत्रियों को 10 साल जेल की सजा देने की मांग भी की गई है।

सरकार के पूर्व सचिव नारायण गोपाल मलेगो, दीप बस्नेत और छविराज पन्त पर 10-10 करोड़ रुपये जुर्माने की मांग की गई है तो पूर्व सचिव दिनेश अधिकारी, रविन्द्र मान जोशी और युवराज भुषाल पर 1-1 करोड़ रुपये वसूलने की बात कही गई है। इनको 10-10 वर्ष कैद की सजा सुनाने की मांग भी की गई है। इस प्रकरण में आरोपित 21 व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। इन सबके परिवार से भी 1563 करोड़ रुपये वसूलने की मांग की गई है। सरकार एक वर्तमान सह सचिव भी आरोपित है। दांग जिले के प्रमुख जिलाधिकारी रहे सुशील वैद्य को फरार की सूची में रखते हुए उनसे 1 करोड़ रुपये जुर्माना वसूलने की बात चार्जशीट में है। इनके अलावा देश के कुछ जाने-माने व्यापारिक घराने के मालिकों पर भी जुर्माना लगाने की मांग की गई है। इनमें उमा ढक्लानी पर 292 करोड़ रुपये, हाट शमशेर जबरा पर 289 करोड़ रुपये, माधवी सुवेदी पर 288 करोड़ रुपये, श्रवण गोयल, कैलाश चन्द गोयल, शिवरत्न सारडा और संदीप सारडा पर प्रति व्यक्ति 224 करोड़ रुपये वसूलने की मांग की गई है। बाकी आरोपितों से 100 करोड़ या या उससे कम की रकम वसूलने की मांग चार्जशीट में है। काठमांडू जिला अदालत में इस मामले की सुनवाई जल्द होने की बात जिला सरकारी वकील ने बताई है। 700 पन्ने की चार्जशीट को पढ़ने में न्यायाधीशों को समय लगने के कारण सुनवाई शुरू नहीं हो पाई है।

भारत के प्रधानमंत्री मोदी ग्रीस पहुंचे, एथेंस में जोरदार स्वागत

एथेंस। दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में आयोजित 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के समापन के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्रीस के एक दिवसीय आधिकारिक दौरे पर एथेंस पहुंचे। एथेंस में उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी औपचारिक स्वागत के बाद राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस के साथ बैठकें करेंगे। इसके अलावा दोनों देशों के कारोबारी समुदाय और प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद एथेंस के होटल ग्रांडे ब्रेटेन पहुंचे। उन्होंने होटल के बाहर

एकत्र भारतीय प्रवासियों से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी 40 साल में ग्रीस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। इससे पहले भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सितंबर 1983 में ग्रीस का दौरा किया था।

भारत में नर्सिंग की पढ़ाई के लिए जाने से पहले नेपाली छात्रों को अब एनओसी लेना अनिवार्य

काठमांडू। नेपाल सरकार ने नर्सिंग की पढ़ाई के लिए भारत जाने वाले अपने छात्र-छात्राओं के लिए नेपाल शिक्षा मंत्रालय से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) लेना अनिवार्य कर दिया है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि बिना एनओसी के अध्ययन करने गए युवाओं के सर्टिफिकेट को नेपाल में मान्यता नहीं दी जाएगी। यह जानकारी शिक्षा मंत्रालय के चिकित्सा शिक्षा आयोग के सदस्य सचिव कृष्ण प्रसाद काप्री ने दी। उन्होंने कहा आयोग ने एनओसी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। काप्री ने बताया कि भारत के बिहार, यूपी और बंगाल में नेपाल की सीमा से सटे शहरों में नेपाल के छात्रों को लक्षित करते हुए पचासों नर्सिंग कॉलेज खुल गए

हैं। इनमें से अधिकांश संस्थानों के पास मान्यता नहीं है। इसलिए एनओसी की व्यवस्था की गई है, जिससे देश के युवाओं के साथ धोखाधड़ी न हो सके। नेपाल के शिक्षा मंत्रालय और चिकित्सा शिक्षा आयोग ने भारत सरकार से मान्यता प्राप्त नर्सिंग शिक्षण संस्थानों की सूची मांगी है। उसी सूची के आधार पर मान्यता प्राप्त संस्थानों में पढ़ने जाने के लिए एनओसी का प्रावधान किया गया है।

तोशाखाना भ्रष्टाचार मामला: पाकिस्तानी अदालत में दोषसिद्धि के खिलाफ इमरान की याचिका पर सुनवाई शुक्रवार तक टली

इस्लामाबाद। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने बृहस्पतिवार को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में एक सत्र अदालत द्वारा सुनाई गई सजा और अपनी दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की याचिका पर सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी। इमरान खान फिलहाल जेल में बंद हैं। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक और न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी की पीठ ने तोशाखाना मामले में सजा के खिलाफ 70 वर्षीय खान की अपील पर सुनवाई फिर से शुरू की। सुनवाई के दौरान, खान के वकील लतीफ खोसा ने दोषसिद्धि के खिलाफ अपनी दलील पेश की और कहा कि फैसला जल्दबाजी में दिया गया था और इसमें खामियां हैं। जैसे ही बचाव दल ने दलीलें पूरी कीं, पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी)के वकील अमजद परवेज ने बहस शुरू कर दी। उन्होंने अदालत से कहा कि उन्हें अपनी दलील पेश करने के लिए कम से कम तीन घंटे का समय चाहिए।इसके बाद अदालत ने सुनवाई शुक्रवार सुबह साढ़े 11 बजे तक के लिए टाल दी। इससे अलग, उच्चतम न्यायालय ने भी संक्षिप्त सुनवाई के बाद मामले को इस टिप्पणी के साथ स्थगित कर दिया कि वह आईएचसी की सुनवाई के परिणामों का इंतजार करेगा। मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय शीर्ष अदालत की पीठ ने तोशाखाना मामले में याचिकाओं की सुनवाई की जिसमें न्यायमूर्ति मजहर अली अकबर नकवी और न्यायमूर्ति जमाल खान मंडोखाइल भी शामिल हैं। इस मामले की शुरुआत पिछले साल अक्टूबर में पाकिस्तान चुनाव आयोग की शिकायत पर हुई थी।

नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने कोशी सरकार के नीतिगत फैसला लेने पर रोक लगाई

काठमांडू। नेपाल के कोशी प्रदेश के मुख्यमंत्री उद्धव थापा के सदन में विश्वास मत लेने के 48 घंटे के भीतर संकट में फंस गई। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने पांच दलों के गठबंधन वाली उनकी सरकार को असंवैधानिक बताते हुए किसी भी प्रकार के कामकाज और नीतिगत फैसला लेने पर रोक लगा दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में कहा है कि स्पीकर ने सरकार के पक्ष में अपना मतदान कर पद की मर्यादा और कानून का उल्लंघन किया है। इसलिए इस सरकार को मान्यता नहीं दी जा सकती। विपक्षी दल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (एमाले) के संसदीय दल के नेता हिक्मत कार्की ने इस संबंध में सर्वोच्च अदालत में याचिका दायर की थी।

याचिका में कहा गया था कि विश्वास मत के दौरान स्पीकर ने

अन्तिम समय में किसी और को अध्यक्षीय आसन पर बैठा कर खुद सरकार के पक्ष में मत देने गए थे। उल्लेखनीय है कि गठबन्धन को सदन में बहुमत के लिए आवश्यक 47 सदस्यों का ही समर्थन प्राप्त है। किसी एक को भी सभा की अध्यक्षता के लिए भेजा गया तो एक वोट से सरकार गिर सकती है। इससे पहले भी इसी प्रक्रिया के आधार पर विश्वास मत हासिल करने के कारण सर्वोच्च अदालत ने सरकार को बर्खास्त कर दिया था।

इस बार स्पीकर से इस्तीफा दिलाकर प्रोटेम स्पीकर के जरिए बहुमत हासिल करने का प्रयास तो किया गया पर मंसूबा धराशायी हो गया। अपने पक्ष के स्पीकर का इस्तीफा करवाया ताकि ज्येष्ठता के आधार पर विपक्षी दल के विधायक को अध्यक्षता करनी पड़े। लेकिन विपक्षी दल ने अपने डिप्टी स्पीकर को अस्पताल में भर्ती करा दिया और सभी सात ज्येष्ठ विधायकों को विश्वास मत के दौरान अनुपस्थित कराकर सत्ता पक्ष को ही अध्यक्षता ग्रहण करने पर मजबूर कर दिया। सर्वोच्च अदालत इस मामले में एक हफ्ते बाद अपना अंतिम फैसला सुनाएगी। हिक्मत कार्की ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी है कि सबसे बड़ी पार्टी के नेता होने के कारण संवैधानिक प्रावधानों के तहत उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाए।

डोनाल्ड ट्रंप गिरफ्तार, 20 मिनट बाद मुचलके पर रिहा, कहा- आज जो कुछ हुआ 'न्याय का मजाक'

अटलांटा। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को वर्ष 2020 के चुनाव परिणाम को

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

'गोरा या स्ट्रॉबेरी' है। रिहाई के बाद ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा कि आज जो कुछ भी हुआ वह

एक तरह से न्याय का मजाक है।

मीडिया रिपोर्ट्स में जिक्र किया गया है कि अमेरिकी कानूनों के अनुसार, पुलिस के आरोपित के चेहरे की फोटो खींचने को मग शॉट कहते हैं। इस घटनाक्रम की रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ट्रंप के जेल पहुंचते ही दर्जनों समर्थक बैनर और अमेरिकी झंडे लहराते हुए उनकी एक झलक पाने के लिए इकट्ठा हो गए। इनमें जॉर्जिया के अमेरिकी प्रतिनिधि मार्जोरी टेलर ग्रीन भी थे। उन्हें पूर्व राष्ट्रपति के सबसे वफादार माना जाता है। अटलांटा क्षेत्र में विमानन उद्योग से जुड़े 49 वर्षीय लाइल रेवर्थ गुरुवार सुबह से जेल के पास 10 घंटे से उनका इंतजार कर रहे थे। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ट्रंप को जॉर्जिया में 13 अलग-अलग मामलों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें धोखाधड़ी का आरोप, झूठे बयान सहित कई मामले शामिल हैं। इससे पहले ट्रंप के पूर्व सहयोगी मार्क मीडोज ने फुल्टन काउंटी में आत्मसमर्पण किया था। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। मीडोज उन 18 सह आरोपितों में से एक हैं जिन पर वर्ष 2020 के राष्ट्रपति चुनाव को पलटने के लिए साजिश रचने में ट्रंप की मदद करने का आरोप है।

पाकिस्तान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राष्ट्रपति से मिलने से किया इनकार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में राजनीतिक तल्खी कम होने का नाम नहीं ले रही है। ताजा घटनाक्रम में आम चुनाव की तारीख तय करने के लिए राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा बुलाई गई बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आने से इनकार कर दिया है। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बदले कानून के तहत, मतदान की तारीख तय करने में विघटन के 90 दिनों में आम चुनाव की तारीख तय करने की

हालांकि नई जनगणना के मद्देनजर परिसीमन करने के लिए चुनाव में देरी करने को तैयार है, जो एक संवैधानिक जरूरत है।

रजा ने पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के लिए 90 दिनों में चुनाव कराना है। ईसीपी आयोग के अधिकारियों के साथ परामर्श के बाद राष्ट्रपति को पत्र लिखकर उन्हें याद दिलाया कि बदले कानूनों के तहत, चुनाव की तारीख निर्धारित करने में अल्वी की कोई भूमिका नहीं है और बैठक करने का कोई मतलब नहीं है। अल्वी (74) राष्ट्रपति बनने से पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के वरिष्ठ सदस्य थे। अल्वी ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने ईसीपी प्रमुख के पत्र पर कानून मंत्रालय से सलाह मांगी थी। उन्होंने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ने पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के रुख पर सलाह मांगी है कि चुनाव की तारीख तय करने का अधिकार केवल उसके पास है।